दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 28 अगस्त-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 249 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## बिहार समेत पांच राज्यों को 12 हजार करोड़ की चार रेलवे परियोजनाओं का तोहफा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार समेत पांच राज्यों को 12 हजार करोड़ रुपये की चार रेलवे परियोजनाओं का तोहफा दिया है। इन राज्यों में नई रेलवे लाइन बिछाने के साथ ही ट्रैक दोहरीकरण का काम कराया जाएगा। सरकार ने बिहार, कर्नाटक, तेलंगाना, गुजरात और असम में 12,328 करोड़ रुपये की लागत वाली चार रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी। इनमें देशलपार-हाजीपीर-लूना तथा वायोर और लखपत को जोड़ने वाली नई रेल लाइन का निर्माण, सिकंदराबाद (सनथनगर)-वाडी के बीच तीसरी और चौथी लाइन, भागलपुर से जमालपुर तक तीसरी लाइन और फुरकाटिंग-न्यू तिनसुकिया लाइन का दोहरीकरण शामिल है।

इन परियोजनाओं का उद्देश्य यात्रियों और वस्तुओं दोनों का निर्बाध और त्वरित परिवहन सुनिश्चित करना है। ये पहल कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी और यात्रा सुविधा में सुधार के साथ-साथ लॉजिस्टिक्स लागत को कम करेंगी। साथ ही तेल आयात पर निर्भरता कम करेंगी। इसके अलावा इन परियोजनाओं से कार्बनडाइ ऑक्साइड उत्सर्जन कम करने में मदद मिलेगी। इससे स्थायी और कुशल रेल संचालन को बढ़ावा मिलेगा। ये परियोजनाएं अपने निर्माण के दौरान लगभग 251 लाख मानव-दिवसों के लिए प्रत्यक्ष रोजगार भी सृजित करेंगी।

प्रस्तावित नई रेल लाइन कच्छ क्षेत्र के सुदूर क्षेत्रों को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। यह गुजरात के विद्मान रेलवे नेटवर्क में 145 रूट किमी और 164 ट्रैक किमी जोड़ेगी। इसकी अनुमानित लागत 2526 करोड़ रुपये है। परियोजना की पूर्ण होने की समय-सीमा 3 वर्ष है। गुजरात राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के अतिरिक्त, यह नई रेल लाइन नमक, सीमेंट, कोयला, क्लिंकर और बेंटोनाइट के परिवहन में भी मदद करेगी।

# जब अतुल गर्ग ले रहे थे जन्मदिन की बधाई
## तब साहिबाबाद विधानसभा का कोई भी मंडल अध्यक्ष क्यों नहीं दिया दिखाई ?




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जन्मदिन का एक ऐसा मौका होता है जब बधाई-शुभकामनाएं दी जाती हैं। लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य और यशस्वी जीवन की कामना की जाती है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के जन्मदिन पर मंगलवार को भाजपा के पार्षद पहुंचे, पदाधिकारी पहुंचे, विधायक संजीव शर्मा पहुंचे, मेयर सुनीता दयाल पहुंची, मंडल अध्यक्ष भी पहुंचे और बूथ अध्यक्ष भी पहुंचे। बड़ी बात ये थी कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सांसद अतुल गर्ग को पत्र भेजकर उन्हें एक दिन पहले एडवांस में जनमदिन क बधाई दी। देश के गृहमंत्री अमित शाह, देश के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सांसद अतुल गर्ग को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। यहां पार्ज़द भी पहुंचे, मंडल अध्यक्ष भी पहुंचे, लेकिन करंट क्राइम ने जो देखा वो ये था कि देश की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद से एक भी मंडल अध्यक्ष बधाई देने नहीं पहुंचा।

**गजब की चर्चा**

एक मंडल अध्यक्ष को काम हो सकता है, दूसरा मंडल अध्यक्ष बिजी हो सकता है, तीसरा मंडल अध्यक्ष आउट ऑफ स्टेशन हो सकता है, लेकिन ऐसा कैसे हो सकता है कि दस में से दस मंडल अध्यक्ष ही अपने लोकसभा सांसद को जन्मदिन की बधाई देने नहीं पहुंचे। वो भी तब जब पूरे शहर की भाजपा पहुंची है, पूरे जिले की भाजपा पहुंची है। आखिर ऐसा क्या हुआ कि दस के दस मंडल अध्यक्ष बधाई देने वाले सीन से दूर रहे। ये बात इसलिये भी खास है क्योंकि ये विधानसभा उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की विधानसभा है।

मंडल अध्यक्ष पहुंचे नहीं या उन्हें भी कोई व्हिप जारी हो गया था। क्या वजह रही इसको लेकर करंट क्राइम ने जब मामले को टटोला तो पता चला कि ऐसा कोई पहली बार नहीं हुआ है और पहला भी ऐसा सीन हो चुका है। सांसद ने मंडल अध्यक्षों को पहले चाय पर बुलाया था और बताते हैं कि पहले हां हुई और फिर कुछ ऐसा हो गया कि चाय में चीनी कम रह गई और कोई ऐसी बात हुई कि आधों ने कहा कि हम जाएंगे, आधों ने कहा कि हम नहीं जाएंगे और फिर दोनों ही पक्षों ने चाय से खुद को दूर कर लिया।

बहरहाल जो भी हो, लेकिन हैवीवेट वाली विधानसभा से दस में से दस मंडल अध्यक्षों का ना आना पूरी भाजपा में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### मैंने ध्यान नहीं दिया और मैं सबका आभारी हूं: अतुल गर्ग

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दिल्ली के केंद्रीय गलियारों से बधाई आ गई, लखनऊ से बधाई आ गई, बूथ से बधाई आ गई तो ऐसा क्या हुआ कि एक विधानसभा से दस मंडल बधाई देने नहीं पहुंचे। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से जब करंट क्राइम ने यह सवाल किया तो उन्होंने कहा कि मैं व्यस्त था और मैंने इस बात पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि साहिबाबाद विधानसभा से ही लगभग पांच सौ से सात सौ लोग आए थे और मैं उन सभी का आभारी हूं। मैं जन्मदिन की शुभकामनाओं के लिये सभी का आभार व्यक्त करता हूं। मुझे नहीं पता कि मंडल अध्यक्ष नहीं आए। करंट क्राइम ने जब ये सवाल पूछा कि कहीं मंडल अध्यक्षों को निर्देश तो नहीं मिले थे और ये भी पूछा कि क्या कोई नाराजगी तो नहीं है। इस पर अतुल गर्ग ने कहा कि यह जानना पत्रकारों का काम है और वो इसके लिये स्वतंत्र हैं और उन्होंने एक बार फिर दोहराया कि मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं।

# किस दिशा में जा रहा है समाज
## पुलिस कमिश्नर के दरबार में पति-पत्नी के विवाद पहुंच रहे हैं सबसे ज्यादा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तीन जोन हैं। तीनों जोन में डीसीपी तैनात हैं, जहां आईपीएस स्तर के अधिकारी उस जोन को संभालने का काम कर रहे हैं। तो वहीं पुलिस कमिश्नर से लेकर एडिशनल सीपी तक जनसुनवाई के काम को प्रमुखता के साथ संभाल रहे हैं। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट में बड़ी संख्या में तैनात सर्किल के एसीपी भी इसे देख रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पति-पत्नी के विवाद, हंगामे, मारपीट से संबंधित मामलों की शिकायतों का अंबार लग रहा है। पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी अधिकारियों के पास अधिकांश पति-पत्नी के विवाद पहुंच रहे हैं। जिसमें कई मामलों में पति-पत्नी से पीड़ित है, तो पत्नियां भी पतियों से पीड़ित होने की शिकायतें करती रहती हैं। महिला थाने से लेकर थानों की महिला हेल्प डेस्क और पिंक बूथ पर भी शिकायतें जमकर पहुंच रही हैं।

### पुलिस की चौखट पर भी नहीं जुड़ पा रहे हैं रिश्ते



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बताते हैं की बड़ी संख्या में शिकायती पत्र महिला थाना, पिंक बूथ, परिवार परामर्श केंद्र और अधिकारियों की टेबल पर पहुंचते हैं। तमाम मामलों में काउंसलिंग होने के बावजूद भी पति-पत्नी एक नहीं हो पाते हैं। तो कई मामलों में वह पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट भी नजर आते हैं। पुलिस के अधिकारियों के पास पति-पत्नी के जो मामले पहुंचते हैं, उसमें कई बार दोनों पक्ष बात नहीं समझने के कारण भी लंबे विवाद में घिरे रहते हैं और पुलिस की चौखट पर भी जाकर विवाद और रिश्ते सुधार नहीं पाते हैं।

### जीने मरने की कसम खाने वाले भी लगा रहे हैं पुलिस के चक्कर

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में महिला अपराध और महिलाओं को काउंसलिंग से लेकर परिवार ठीक करने के मामलों को सुचारू बनाने के लिए पिंक बूथ की स्थापना की गई थी। पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में डेढ़ दर्जन से अधिक पिंक बूथ बनाए गए। तो इन पिंक बूथ पर बाद में परिवार परामर्श केंद्र के तहत कार्रवाई शुरू हुई लेकिन जो पति-पत्नी जीने मरने की साथ कसम खाते हैं, वह यहां आकर भी अपने मामले नहीं सुलझा पा रहे हैं। हालांकि परिवार परामर्श केंद्र के आंकड़े बताते हैं कि बीते दो वर्षों में बड़ी संख्या में परिवार एक कराए गए हैं। तो बड़ी संख्या में अभी भी शिकायती पत्र मुकदमे दर्ज कराने और मामलों के सेटलमेंट के लिए पेंडिंग चल रहे हैं।

### जनसुनवाई में भी सबसे ज्यादा पहुंचते हैं पति-पत्नी के बीच विवाद के मामले



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार जनसुनवाई के दौरान अधिकांश मामले पति और पत्नी के बीच आपसी मनमुटाव किसी बात को लेकर विवाद एवं अन्य किसी तकरार के होते हैं। वहीं पति-पत्नी के विवाद के मामले में पुलिस गंभीर अपराध होने पर ही मुकदमा और तत्काल एक्शन लेती है वरना इन मामलों को परिवार परामर्श केंद्र काउंसलिंग के लिए भेज दिया जाता है। काउंसलिंग में तीन बार आमना-सामना होने के बावजूद भी तमाम मामले अनसुलझे रह जाते हैं।

## श्री ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान की प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न
# एमएलसी दिनेश कुमार गोयल बने अध्यक्ष



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हापुड़ रोड तिराहा स्थित श्री ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान (पंजीकृत) में प्रबंध समिति का चुनाव सम्पन्न हो गया। बुधवार को चुनाव अधिकारी राजकुमार शर्मा (एडवोकेट) द्वारा निर्वाचित सूची जारी की गई। नव निर्वाचित प्रबंध समिति में सदस्य विधान परिषद दिनेश कुमार गोयल अध्यक्ष चुने गए, जबकि दिनेश कुमार गोयल (साबुन वाले) उपाध्यक्ष बने।

ज्ञान प्रकाश गोयल को प्रबंधक, अनिल कुमार को उप-प्रबंधक, मोहित गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। सदस्य के रूप में शरद कुमार गर्ग, नरेश चंद्र गर्ग, ईश्वर सिंह गुप्ता, शिवांक गर्ग, अनिल कुमार गर्ग, विभोर गोयल, विपिन कंसल और आलोक गर्ग शामिल हैं। इसके अलावा प्रधानाचार्या पूनम शर्मा सदस्य के रूप में समिति में सम्मिलित की गईं। विद्यालय की प्रधानाचार्या एवं अध्यापिकाओं ने नई प्रबंध समिति का स्वागत किया और विद्यालय की समस्याओं से अवगत कराया।



### श्री ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान हमारे शहर की धरोहर : दिनेश कुमार गोयल

**करंट क्राइम।** अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल (एमएलसी) ने इस अवसर पर कहा, श्री ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान हमारे शहर की धरोहर है। नई प्रबंध समिति शिक्षकों और अभिभावकों के सहयोग से शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाएगी। विद्यालय की सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए उत्तम शिक्षा वातावरण उपलब्ध कराना हमारा पहला लक्ष्य है।

# आईपीएस केशव चौधरी जल्द लेंगे कमिश्नरेट में एडिशनल सीपी का चार्ज
## आईपीएस कल्पना सक्सेना पहुंचीं मेरठ




### हो रही है चर्चा जल्द एक्शन में दिखेंगे एडिशनल सीपी केशव चौधरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एडिशनल सीपी कल्पना सक्सेना का मेरठ तबादला हो गया है। उनके स्थान पर वर्ष 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी केशव कुमार चौधरी गाजियाबाद में एडिशनल सीपी बनाए गए हैं। आईपीएस केशव कुमार चौधरी इससे पहले झांसी में तैनात थे और झांसी से पूर्व में आगरा में डीआईजी चुके हैं। आगरा से पहले वह बहराइच के एसपी के पद पर रह चुके हैं। केशव चौधरी पुलिस महकमे में बेहतर पुलिसिंग और क्राइम कंट्रोल के लिए जाने जाते हैं। वहीं उनकी वर्किंग शैली की झांसी पुलिस तारीफ करती है।

### चित्रकूट में चलाया था दस्यु बदमाशों के खिलाफ बड़ा अभियान

करंट क्राइम : 2009 बैच के आईपीएस अधिकारी केशव चौधरी मूलरूप से दरभंगा बिहार के निवासी हैं। वह इससे पहले सिद्धार्थनगर, हाथरस, जौनपुर, रामपुर, चित्रकूट और कानपुर देहात जिले में बतौर एसएसपी तैनात रह चुके हैं। चित्रकूट में वर्ष 2014-15 की तैनाती के दौरान पाठों के जंगलों में दस्यू बदमाशों के खिलाफ उनका अभियान प्रदेश की सुर्खियां बना था। उनकी गिनती एक तेज तर्रार और स्वच्छ छवि वाले पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में होती है।

### पुलिस कमिश्नर से भी है बेहतर ट्यूनिंग




करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बताते हैं कि पुलिस कमिश्नर जे रविंदर और केशव कुमार चौधरी दोनों ही आगरा में रह चुके हैं। दोनों की वर्किंग ट्यूनिंग बेहतर है। वहीं जनसुनवाई से लेकर अपराध नियंत्रण को केशव चौधरी फोकस रखते हैं। इसी के साथ ही वह पश्चिम से लेकर पूरब और बुंदेलखंड तक के जिलों में लंबा कार्य का अनुभव रखते हैं। उम्मीद की जा रही है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में मुख्यालय के रूप में तैनाती दी जाएगी। वह एक से दो दिन में चार्ज लेंगे।


## पुलिस कमिश्नर के निर्देश का कौशांबी और इंदिरापुरम थाने में हुआ पालन
# विजिटर-वेटिंग रूम हुआ बनकर तैयार और शुरू



### थाना प्रभारी से मिलने और थाने आने वाले लोगों को होगी सहूलियत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा लगातार थानों का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों को अपने-अपने थाने में वेटिंग रूम एवं विजिटर रूम बनाने का निर्देश दिया जा रहा है। इसका अमल सिटी में सबसे पहले घंटाघर कोतवाली में हुआ। तो ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले कौशांबी और इंदिरापुरम थाने में पुलिस कमिश्नर के निर्देश का पालन हो गया है। कौशांबी और इंदिरापुरम दोनों ही थाने में विजिटर रूम और वेटिंग एरिया बना दिया गया है। इससे अब थाने आने वाले लोगों, फरियादियों और आगंतुकों को परेशान नहीं होना पड़ेगा। वह इधर-उधर नहीं खड़े होंगे। साथ ही गर्मी के



### बीते दिनों किया था पुलिस कमिश्नर ने इंदिरापुरम और कौशांबी थाने का निरीक्षण


करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने 15 अगस्त से पहले जहां इंदिरापुरम थाने का निरीक्षण किया था। तो वही बीते दिनों कौशांबी थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यहां वेटिंग एरिया और गेस्ट रूम बनाने के साथ ही थाने आने वाले आगंतुकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कुर्सी, एयर कंडीशन स्थान और अच्छी व्यवस्था करने का निर्देश दिया था। जिसका यहां पालन हो गया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि इंदिरापुरम थाने और कौशांबी थाने में यह सुविधा शुरू कर दी गई है। साथ ही खोड़ा में भी यह सुविधा शुरू होनी है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
02 • नई दिल्ली। गुरुवार 28 अगस्त -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# जब दैनिक करंट क्राइम ने पूछा लोगों से उनके मोहल्लों का हाल

## गाजियाबाद की जनता ने गड्ढे-सीवर-लाइट का दर्द दिया निकाल




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनि करंट क्राइम जनता के मुद्दों से जुड़कर चलता है। दैनिक करंट क्राइम हमेशा से अपने पाठकों के परिवार को साथ लेकर चलता है और जनमुद्दों पर जनप्रतिनिधियों से ज्यादा जनता की बात पर गौर करता है। जनमुद्दे जनता के मुद्दे हैं और जनता अपने मुद्दों पर क्या सोचती है इसको लेकर करंट क्राइम समय-समय पर पाठकों की राय को जानता है। दैनिक करंट क्राइम ने अपने पाठकों से उनके मोहल्लों का हाल पूछा था।

दैनिक करंट क्राइम के इस सवाल पर जनता ने भी अपना दर्द बाहर निकाला। लोगों ने अपने वार्ड में सीवर की समस्या को बताया, सड़कों पर गड्ढों की हालत से अवगत कराया। बताया कि किस तरह से रात में रास्तों पर लाइट नहीं होती है और इस तरह से जनता ने अपने-अपने मोहल्लों के हाल बताए। जमीन से जुड़े इस मुद्दे पर लोग आगे आए। हमने भी इस मुद्दे पर रायशुमारी केवल एक जन जिम्मेदारी के रूप में ली थी। इसे लेकर कोई सियासी नजरिया नहीं है। दैनिक करंट क्राइम का ये प्रयास रहता है कि जनता और अधिकारियों, सरकार के बीच संबंधों का सेतु बने और व्यवस्था में सुधार हो। जमीनी मुद्दों पर बात हो और दैनिक करंट क्राइम के इस सवाल पर जनता ने निष्पक्ष और निर्भीकता के साथ अपने-अपने मोहल्लों का हाल बताया है।

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**नितिन पंडित बीजेपी**

वार्ड 78 पर शिव चौक, बीकानेर स्वीट वाला से लेकर शालीमार थाना वाली रोड से लेकर 80 फूटा तक पूरा अतिक्रमण जिसके कारण रोज जाम कोई सुनवाई नहीं प्रशासन की अनदेखी।

Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**यूसुफ सैफी**

दीपक भाटी जी, वार्ड 95 है और यहां इतनी बड़ी गंदी यहां फेली हुई है और बरसात का मौसम है, महामारी का खतरा बना हुआ है, फेल होने का बना हुआ है और सामने मरकज मस्जिद है, इस गंदी को कोई उठाने वाला नहीं है। मरकज मस्जिद के सामने गंदगी है।

Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**साजिब एस सैफी**

वार्ड 44 बालजी विहार संजय कॉलोनी खराब सड़के लोगो को निकलने बढ़ने मे परेशानी होती है बहुत ज्यादा कीचड़ और पानी भरा रहता है ये मुख्य मार्ग का हाल है। वार्ड 44 संजय कॉलोनी में काफी कचरा भरा रहता है।

Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**चौधरी आजाद सिंह**

वार्ड नम्बर 30 मधुबन बापूधाम की मुख्य समस्या जगह जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है निरन्तर प्रयास के बाद भी कूड़ा उठाने वाली गाड़ी बापूधाम तक नहीं शुरू हो पायी है। जगह जगह जलभराव है।

Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**जनसेवक विकास हिन्दू**

हमारे वार्ड 27 डुंडाहेड़ा मे मूलभूत सुविधा के नाम पर सिर्फ नाली खड़ंजे ओर पानी की टंकी है। नाली खड़ंजे पूरी तरह जर्जर हो चुके हैं ओर पानी की टंकी लगने के बावजूद जलसंकट है।

Like Comment Share

**ठाकुर संजय राजपूत**

वार्ड नंबर 45 जगह-जगह पानी का भराव नाले गंदगी से भरे पड़े हैं जगह-जगह कूड़े कूड़े के ढेर। वार्ड 45 के आवागमन के रास्तों पर अतिक्रमण।

**दीपक गौतम**

वार्ड नंबर 8 मालीवाड़ा। पानी की समस्या बहुत ज्यादा है गंदा सीवर का पानी आता है बार बार शिकायत करने पर भी कोई निवारण नहीं हो रहा सफाई करने वाले आते है पर नालियों की सफाई नहीं करते सीवर भरे रहते हैं इसी कारण ओर फिर बोलते है हमारा काम नहीं है सीवर वालों का है सुपरवाइजर से कहने पर भी काम नहीं होता आते है फोटो लेकर चले जाते है पर गंदगी वही रह जाती है।

**अकरम खान**

ईदगाह रोड इस्लाम नगर पर इतनी गंदगी रहती है। स्कूल के बच्चों का निकलना बहुत मुश्किल हो जाता है वहां सरकारी स्कूल भी है बच्चों का निकलना मुश्किल हो जाता है। कॉलोनी खराब सड़के लोगो को निकलने बढ़ने मे परेशानी होती है बहुज्यादा कीचड़ और पानी भरा रहता है ये मुख्य मार्ग का हाल है वार्ड कैल भट्ठ के अब आते है वार्ड के अंदर की गली ओ मे काफी गलिओ का भी यही हाल है नाली के अंदर कचरा भरा रहता है कूड़े के ढेर लगे हुऐ है कोई सफाई कर्मी नहीं अता सफाई करने। ये हाल है वार्ड 92 का दीपक भाटी जी।

**विनोद कर्दम**

वार्ड-9 शिब्बन पुरा मे सीवर ओवरफ्लो है सीवर लाइन करेक है, पानी की लाईन मे सीवर का गंदा पानी आता है नालियां टूटी हुई है।

**निशार कस्सर**

वार्ड 59 चंद्रपुरी दिल्ली गेट नई बस्ती सिहानी गेट बिहार नगर रिछपालपुरी मिजार्जान पक्की मोरी तेली वाली गली अफगान घंटाघर नई नया गज खंभों पर लाइट नहीं है रात में बहुत समस्या होती है आने जाने वालों के लिए सभी गली मोहल्ले में या कुत्ते बहुत है स्कूल जाने वाले बच्चों को काटते हैं से बड़े- बूढ़े नौजवान बड़े परेशान है नालियों में काफी दिन से सफाई नहीं हुई है एक-एक फुट कीचड़ जमी हुई है नाली में और जरा सी बरसात होते ही यहां पर गंगा जमुना बहने लगती है बच्चे स्कूल जाने में असमर्थ हो जाते हैं आने जाने वालों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ता है कोई समाधान नहीं है तीन-तीन फीट पानी भर जाता है पुराना शहर कहलाता है यह नवयुग मार्केट में भर जाता है सिहानी गेट गेट भर जाता है दिल्ली गेट में भर जाता है नई बस्ती में भर जाता है जब तक शहर के सभी नाले की सफाई नहीं होती है रमाते राम रोड पर पानी का भर जाता है जिससे व्यापारी भाइयों को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता है और चारों गेटों के बीच में सारे नाले साफ होने चाहिए और दिल्ली गेट का रिनोवेशन होना चाहिए इसकी मरम्मत नगर निगम द्वारा की जानी चाहिए यह ऑन रोड पड़ता है और इसको काफी लोग देखने भी आते हैं दिल्ली गेट यही है जब चारों गेटों के अंदर दो गेटों में काम हो चुका है तो दिल्ली गेट का काम क्यों नहीं हो रहा नगर निगम को इसपर भी ध्यान देना चाहिए जल्द से जल्द दिल्ली गेट का रिनोवेशन करना चाहिए और इसके अच्छे से मरम्मत होनी चाहिए और हर गली में लाइट की व्यवस्था होनी चाहिए।

**पंकज गौर**

वार्ड 46 सुपर डीलक्स सुविधाओ से लैस है नगर निगम की विशेष कृपा बनी रहती है सभी शिकायते समय से निस्तारित होती है बदबू जलभराव टूटी सड़क तो बिल्कुल नहीं है प्रकाश व्यवथा भी शानदार है जबकि हमारी कालोनी अवैध भी बतायी जाती है तो फिर इसलिए कोई वोट मांगने भी नहीं आता हम लोग बेवजह ही परेशान है। मैं तो इसको एक चौथाई स्विट्जरलैंड घोषित करवाने के चक्कर में हूं।

**संदीप शर्मा**

वार्ड 27 ग्राम डूंडाहेड़ा चारों तरफ समस्याएं ही समस्या है ना तो डूंडाहेड़ा के लिए श्मशान घाट है और ना ही तालाब सौंदर्य कारण है ढूंढहेरा गांव के मुख्य मार्ग पर जल भराव है।

facebook

**पवनेंद्र सिंह डागर**

गोविंदपुरम बी ब्लॉक, एसबीआई के पास - जलभराव और गड्ढे।

करंट क्राइम

facebook

**कंवल जीत**

वार्ड नंबर 97 टूटी हुई सड़कों का अंबार बन चुका है।

करंट क्राइम

facebook

**रोहित माथुर**

पूरे प्रदेश का बुरा हाल है।

करंट क्राइम

facebook

**अवतार भाटी**

संशय कभी खत्म नहीं होता। बस उम्मीदें खत्म हो जाती हैं।

करंट क्राइम

facebook

**प्रवीण कुमार**

वार्ड 6 दीनदयालपुरी में सिवर नहीं है खंभों पर स्ट्रीट लाइट नहीं हैं।

करंट क्राइम

facebook

**रजनीश पंडित**

गाज़ियाबाद का हर वार्ड दयनीय स्थिति में है।

करंट क्राइम

facebook

**विमल यादव**

वार्ड नंबर 09 प्रकाश नगर खोड़ा कॉलोनी। पानी की समस्या गंभीर है।

करंट क्राइम

facebook

**धर्मेन्द्र शर्मा**

वार्ड नंबर 29 सीवर पानी बिजली की समस्या से त्रस्त जनता।

करंट क्राइम

facebook

**अकील हिन्दुस्तानी**

वार्ड 92 इस्लाम नगर चमन कॉलोनी समस्या ऐसी घर जैसी।

करंट क्राइम

**नाज़िम चौधरी**

हमारे वार्ड 48 मिर्जापुर मुख्य समस्या ये हैं कि अवैध तरीके से बनाए गए नालियों के ऊपर मकान जिससे नहीं तो नाली की सफाई होती है उसी कारण सभी सीवर के टैंक फुल हो जाते हैं। अगर नाली बनायी गई है तो उसकी सफाई नहीं होती है। इसी कारण ही कुछ समय पहले दो पक्षों में झगड़ा भी हुआ था। दोनों पार्टियां जेल गईं लेकिन आज तक न तो नगर निगम निगम ही और न। ही उसके अधिकारी उन मकानों को तुड़वा पाये हैं क्योंकि व्यवस्था बहुत लाचार है। पार्षद दोनों पार्टियों से वोट की भीख चाहता है और इसी वजह से पार्षद न तो नगर निगम को लिखकर देता है क्योंकि पार्षद को वोट चाहिए वो वोट का भूखा होता है काम कराने के लिए तैयार नहीं रहते हैं। इसलिए वार्ड की हालत बहुत खस्ता। हाल है नालियां टूटी हुई हैं। रास्ते साफ नहीं बने हुए हैं जरा। सी बारिश पड़ती है तो पानी ऐसे भर जाता है न? जाने कहां से किसी गंदी।नदी का पानी आ गया हो।

**विरेन्द्र सिंह**

भाई जी नमस्कार वार्ड 68 में स्ट्रीट लाइट, सीवर ओवरफ्लो एवं पानी की सप्लाई कम होना व सीवर मिक्स पानी की सप्लाई। वीरेंद्र सिंह पूर्व महानगर उपाध्यक्ष भाजपा सी ब्लॉक ट्रिपल स्टोरी के छोटे पार्क में अवैध डेरी का कब्जा।

**शाह आलम अंसारी**

चमन कालोनी वार्ड नंबर 92 नए बस अड्डे के पीछे सीवर बंद होने के कारण पानी काफी दिनों से बाहर निकल रहा है जो की कालोनी का मुख्य मार्ग है पानी पूरी सड़क पर बह रहा है निगम पार्षद भी कोई सहायता नहीं कर रहे हैं सभी का निकलना दुश्वार हो गया है।

**ब्रजेश कुमार मिश्रा**

आदरणीय श्रीमान दीपक भाटी जी आपका बहुत-बहुत आभार जो अपने प्रमुख विषय उठाने के लिए अवसर प्रदान किया मेरे वार्ड नं0 27 की प्रमुख समस्याएं जो त्वरित रूप में होनी है वह मुख्य रूप से निम्न प्रकार हैं :- (01) वार्ड नंबर 27 में सीवर लाइन अभी तक नहीं पड़ी है और मलिन बस्ती का यह यह वार्ड नं0 27 लंबे समय से प्रतीक्षा कर रहा है स्थानीय जनप्रतिनिधि निगम पार्षद जी का कार्यकाल आकर 05 वर्ष का कार्यकाल बीत जाता है। (02) अभी तक सामुदायिक केंद्र बारातघर अभी तक नहीं बन सका है। जल निगम प्लांट रोड के आसपास यह बनने की आवश्यकता हो रही है और यह बनना भी जनता के हित में होगा। (03) नाले का निर्माण जो कि जल निगम प्लांट रोड से लेकर निवर्तमान निगम पार्षद ललित कुमार कश्यप जी के कार्यालय तक बनना अनिवार्य रूप से आवश्यकता है। (04) 01 पुस्तकालय का निर्माण होना चाहिए जो कि राज्य स्तरीय योजना के अंतर्गत आता है और स्थानीय युवाओं को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु अपनी तैयारी के लिए करने का अवसर प्रदान करेगा। (05) जल निगम प्लांट रोड के आसपास 01 पार्क कुछ सुबह और शाम में अपना समय व्यतीत कर अपने फिजिकल फिटनेस को सही प्रकार से रख सकें इसके लिए भी चिंतन करने की आवश्यकता है।

**सुधीर चौधरी**

मैं सुधीर चौधरी वार्ड नंबर 22 बाग कॉलोनी तिबडा रोड से मोदीनगर नगर पालिका परिषद समाज सेवक सामाजिक कार्यकर्ता मोदीनगर में समस्या बेरोजगारी की रोजगार नहीं है दूसरी समस्या चिकित्सा की सरकारी हॉस्पिटल बनना चाहिए जैसा हॉस्पिटल दिल्ली में सभी सुविधाओं से लैस तीसरी समस्या शिक्षा में डिग्री कॉलेज इंटर कॉलेज नहीं खुला कोई भी हो आज तक 2014 से 2025 चल रहा है लोकसभा में सरकार बनाई उत्तर प्रदेश में 2017 से 2025 चल रहा है और सरकारों बनाई लेकिन मोदीनगर को कुछ मोदीनगर विधानसभा 57 क्षेत्र से सौतेला व्यवहार कर गया मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र 57 में प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मोदीनगर क्षेत्र से पलायन कर गए।

**अमित भारद्वाज**

हमारे वार्ड नंबर 9 में नाले को लेकर बहुत समस्या है जब भी बारिश होती है एक पटेल नगर सेकंड के लोगों में डर बना रहता है पानी भरने का नाले की सफाई न होने के कारण हालांकि इस बार जब जल भराव हुआ दो-तीन बार हम लोगों के घरों में पानी आया क्योंकि वही लोग समझ पाएंगे जिन्हें जिनके घर में पानी आया और जिनका नुकसान हुआ है नगर निगम अधिकारियों से इस और ध्यान करने के लिए निवेदन करा नाले की सफाई करने के लिए और नाले की दीवार बनवाने के लिए तो उन्होंने नाले की सफाई करने का कार्य करा और दीवार बनवाने का कार्य करवाया पर नगर निगम से हमारा निवेदन है पटेल नगर सेकंड बी ब्लॉक वासियों का कि वह समय-समय पर नाले की सफाई करते रहे जिससे जल भराव ना होने पाए और जल भराव के कारण जो लोगों को समस्या होती हैं वह ना हो धन्यवाद।

**अंकित गिरि**

वार्ड 64 में गरिमा गार्डन, अशोक वाटिका में बरसात का पानी भरा हुआ है रोड टूट चुकी है जनता का हाल बेहाल है पार्षद किसी की सुनता नहीं है इसी वार्ड में सिकन्दरपुर भी है जहाँ कभी कोई ना सफाई के लिए आता है ना ही कोई नया कार्य होता है।

**ओम दत्त कौशिक**

वार्ड नंबर 67 में ए एल टी फ्लाइओवर के साथ एक बरसाती नाला है, परंतु उसका प्रयोग डेरी वाले भैंसों का गोबर सबमर्सिबल पंप चलाकर नालियों और नाले में बहा रहे हैं, इसके कारण पानी की बरबादी और गोबर बहने से नाले में इतनी जबरदस्त गैस बनती है जिसके कारण घरों में इलेक्ट्रॉनिक आइटम जैसे फ्रिज, एल ई डी ऐ सी आदि सामान आये दिन खराब हो जाते हैं।इस समस्या की और पार्षद बिल्कुल भी ध्यान नहीं देते। वार्ड नंबर 67 में तीन योजना से कांग्रेस के पार्षद हैं।

**प्रियंका पांड़े**

वार्ड 10 डी एल एफ - सीवर की समस्या, सड़क व नाली की समस्या, पार्क में गंदगी, कॉलोनी में जल भराव की समस्या, जनता परेशान है। पार्षद को कोई मतलब नहीं नेम प्लेट लग गया।

**पिंटू तोमर**

शिप्रा सनसिटी गेट नंबर 6 के सामने वार्ड नंबर 100 के बाहर एंक्रोचमेंट बहुत है अवैध ठेलिया लगी हुई है जिसके कारण अधिकतर वाहन जाम रहता है गाड़ी मोड़ने में भी परेशानी होती है और वहीं पर पांडे चाय की दुकान भी है जिसकी वैसे गाड़ियां और बाइक रोड पर ही खड़ी रहती है जिसकी वजह से वाहन जाम लगता है।

**चेतन यादव**

वार्ड 71 संजय नगर हाउस टैक्स में बेहताशा वृद्धि कर दी गई है इसमें आप क्या मदद करेंगे हमारी पूरे वार्ड की पूरे संजय नगर की पूरे गाजियाबाद की जनता त्रस्त है कोई बोलने को तैयार ही नहीं है आपसे निवेदन है यह बड़ा ज्वलंत मुद्दा है आप एक अखबार में संपादक हैं आपसे जनता को बहुत आशा और उम्मीद है कृपया इस समय आप जनता की मदद कीजिए।

**शेखर त्यागी**

समस्या गिनाने का कोई फायदा नहीं आदरणीय भाई साहब वार्ड 39 की सम्मानित जनता से भूल हो गई जो इतना महान पार्षद बना दिया इस बार सुधारेगे इस भूल को और खुद ही मैदान में उतरेंगे।

**संजय त्यागी**

राजनीतिक बातों से अलग हम केवल इतना कहना चाहेंगे कि हमारे वार्ड में बॉम्बे कॉलोनी में जो कार्य होने चाहिए वह अधूरे हैं और हमारे अथक प्रयास से हम हमारे गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग जी को धन्यवाद देना चाहेंगे कि उन्होंने संज्ञान लिया है और एक बहुत बड़े प्रोजेक्ट को उन्होंने मुंबई कॉलोनी दीनदयालपुरी के लिए मंजूरी दी है जल्द ही बदलाव दिखाई देगा वार्ड 11 की पार्षद श्रीमती छाया संजय त्यागी जी के प्रयास के द्वारा।

**सुखविंद्र गिन्नी सिंह**

वार्ड नं 9 सड़कें बहुत खराब हैं।

**सौरभ रिशा चतुर्वेदी**

वार्ड 88 जलभराव की समस्या और भरता भी इतना है की घरों तक मै आता है लोग परेशान है पर कोई सुनने वाला नहीं है। समस्या तो और भी बहुत हैं।

**प्रदीप कंसल**

वार्ड नंबर 9 में पटेल नगर सेकंड बी ब्लॉक में स्थित सबसे ज्यादा गंभीर है हर बारिश में बढ़ जाती है हर बारिश मे परिवार का लाखों का नुकसान होता है 1995 से लेकर 2025 चल रहा है आज तक किसी भी मेयर ने यहां की नियर ने अपनी जिम्मेदारियां का पूर्ण रूप से दायित्व नहीं निभाया है।

**हेमन्त जोशी**

खोड़ा कॉलोनी - पानी ना होने की वजह से त्रस्त हैं खोड़ा की 10 लाख की आबादी पीने के पानी को छोड़ो रोज की घर की जरूरी आवश्यकता हेतु पानी भी मुश्किल से जुटा पा रहा खोड़ा कबोरिंग पर 5 लाख प्रति घर अपनी आमदनी से खर्च कर चुके खोड़ावाशी पानी के लिए पूरी तरीके से त्रस्त हैं।

**प्रेमप्रकाश चिन्नी भाई**

करंट क्राइम परिवार और दीपक भाटी जी आप सब कुछ जानते हुए भी वार्ड निवासियों से पूछ रहे हैं अब तो बताते हुए भी शर्म आती है क्योंकि आपसे जनपद गाजियाबाद में कुछ भी छुपा हुआ नहीं है।

**मनीश कुमार**

वार्ड 224 गली नंबर 1 वेस्ट रोहतास नगर शाहदरा गली में शिवर नहीं है और नाली बंद पड़ी पानी की निकाशी बिल्कुल भी नहीं और चार इंजन की सरकार है फिरभी बहुत बुरा हाल है।

**संजय शर्मा**

हमदर्द से लेकर एमआर हुंडई मेरठ रोड़ तक पूरी सड़क टूटी पड़ी है।

facebook

**संजय त्यागी**

अनुरोध है कि नाले की सफाई करवाने की कृपा करें।

करंट क्राइम

facebook

**चंदन कुमार**

वार्ड नंबर 11नंदग्राम आश्रम से आगे की स्थिति बहुत खराब है।

करंट क्राइम

facebook

**मिथलेश जे. प्रजापति**

जल भराव की समस्या वार्ड 8 में।

करंट क्राइम

facebook

**अशोक संत**

वार्ड 74 ऐसा वार्ड है जिसमें कोई समस्या ही नहीं सब चकाचक है।

करंट क्राइम

facebook

**कृष्ण पाल टुन्नू**

अगर समस्या का हल हो जाए तो समस्या बहुत हैं वार्ड 21 में।

करंट क्राइम

facebook

**आदित्य पाल**

वार्ड 64 बहुत बुरा हाल नाली रोड एसबी कुछ।

करंट क्राइम

facebook

**पुष्कर गुप्ता**

वार्ड 85 लाजपत नगर में सीवर का पानी सड़कों पर बह रहा है।

करंट क्राइम

facebook

**आदित्य शिशौदिया**

डब्ल्यूआरडी 23 का बुरा हाल। ना पानी है न साफ सफाई।

करंट क्राइम

facebook

**राजकुमार**

वार्ड 44 संजय कॉलोनी रोड और नाली की विकराल समस्या है।

करंट क्राइम

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**पूनम चौधरी**

हर वार्ड में समस्या है, सबकी अपनी-अपनी समस्या है। एक बार कोई एक राजा की तरह भेष बदल केर निकले तो सही, जब पार्षद घर से निकले तो लोग जाने की पार्षद भी है कोई, फिर काम कैसे बताएं, बिना पैसे के आज के समय में कोई काम नहीं होता।

Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**गौतम सैनी**

वार्ड नंबर 8 मालीवाड़ा। पानी की समस्या बहुत ज्यादा है गंदा सीवर का पानी आता है बार बार शिकायत करने पर भी कोई निवारण नहीं हो रहा सफाई करने वाले आते है पर नालियों की सफाई नहीं करते सीवर भरे रहते है।

Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**दिनेश चौहान**

दिनेश चौहान वार्ड 50 में मॉडर्न नेशनल पब्लिक स्कूल है उसके सामने रास्ते पर एक मंदिर है जहां कुछ दबंग बदमाश किस्म के लोग शाम के समय मंदिर के पास अपना अड़ा जमाते है कुछ लड़कियां भी गाड़ी में लाकर गलत काम भी करते हैं।

Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**नीरज नुक्कन**

वार्ड संख्या 12 जटवाड़ा वाल्मिकी कॉलोनी में पानी की बहुत ज्यादा समस्या है लोगों को गंदा पानी इस्तमाल करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है पानी बहुत गंदा आता है जिसकी वजह से लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

Like Comment Share

करंट क्राइम facebook करंट क्राइम

**गोल्डी भाई**

वार्ड 64 में जितना विकास समर्थक तेजपाल सिंह राणा जी ने करवाया था आज सब बेकार हुआ पड़ा है कोई ऐसी गली नहीं छोडी होगी सिवर वालों ने की खोद कर खराब नहीं किया हो आने जाने वालों को कितनी दिककतो का सामना करना पड रहा है।

Like Comment Share

शेष, पृष्ठ 7-8

दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com


सिर्फ सच...






# बिछी है क्या जिला पंचायत या विधानसभा चुनावों की कोई बिसात

## जब बैठे त्यागी-वैश्य चेहरे एक जाट नेता के आवास पर एक साथ



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** चुनावों की तैयारी महीनों से नहीं बल्कि दो साल पहले शुरू हो जाती है। चुनाव के खिलाड़ी अपने-अपने दांव पेंच आजमाने लगते हैं। कई चेहरे इधर से उधर जाने लगते हैं। वो आने वाली सियासत को ध्यान में रखकर समीकरण बिठाने लगते हैं। चुनाव के रण का ऐलान नहीं होता है और चुनाव की रणनीति पहले से ही बननी शुररू हो जाती है। अगर चुनावों की ही बात करें तो यहां दो महत्वपूर्ण चुनाव खास माने जा सकते हैं। इनमें एक जिला पंचायत का चुनाव और दूसरा विधनसभा का चुनाव है।

माना जा रहा है कि जिला पंचायत का चुनाव पहले आएगा और विधानसभा चुनाव इसके बाद आएगा। जिला पंययात का चुनाव भी छोटा चुनाव नहीं होता है और इसके खिलाड़ी जानते हैं कि इसमें कितना बड़ा गुणा भाग होता है। जब चुनाव चलता है तो गांव रौनक होती है और जिला पंचायत का नतीजा आने के बाद फिर जिला पंचायत सदस्यों के यहां बड़ी दस्तक दी जाती है। बहरहाल इन सबके बीच खबर ये है कि एक जाट नेता के यहां जब वैश्य और त्यागी चेहरे बैठे तो इसे एक बिसात ही माना गया है।

सूत्र बताते हैं कि भाजपा के एक वरिष्ठ जाट नेता के आवास पर कोई तो बिसात बिछ रही है। कुछ प्रमुख चेहरे उनके यहां आना-जाना कर रहे हैं और अंदर की बातें बाहर आ रही हैं। सूत्र बता रहे हैं कि भाजपा के ये जाट नेता प्रदेश की राजनीति में दखल रखते हैं। उनके आवास पर जब बिसात बिछी तो यहां एक त्यागी चेहरे शामिल हुए। ये त्यागी चेहरे प्रदेश की राजनीति में पकड़ रखते हैं। वहीं जो वैश्य चेहरे शामिल हुए हैं वो संगठन की राजनीति के खास बताए जाते हैं। सूत्र बताते हैं कि इस बैठक में जाट नेता के एक करीबी जिला पंचायत सदस्य भी शामिल हुए हैं।

बताया जाता है कि ये बैठक ऐसे ही नहीं हुई है और इस बैठक में गहन चर्चा हुई है। जाट नेता का आवास था और खास बात ये है कि ये जाट नेता मुरादनगर की राजनीति में भी दखल रखता है। सूत्र बताते हैं कि कुछ तो है जो भविष्य की रणनीति से जुड़ा है। ये बिसात चुनाव से जुड़ी है और ऐसा नहीं है कि कमल वालों की इसकी खबर नहीं है। सूत्र बताते हैं कि चुनाव की ये बिसात और यहां पर हुई बात विधायकों तक भी पहुंच चुकी है।

# कार्यकारिणी चुनाव पर अध्यक्ष मयंक गोयल की दो टूक

## संगठन का फैसला करना होगा सभी पार्षदों को स्वीकार




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर निगम ने भी घमासान मच गया है। पार्षद निगम में बैठकर नाम तय कर रहे हैं वो ऐलान कर चुके हैं कि चुनाव लड़ा जाएगा। पार्षदों का एक गुट चुनाव से पहले बैठक के मिनट्स की मांग कर रहा है। वहीं एक बड़ी शिकायत पांच पार्षदों की संगठन से हुई है। इन पार्षदों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है और इन पार्षदों में नीरज गोयल, गौरव सोलंकी, हिमांशु शर्मा और पूर्व पार्षद मनोज गोयल का है। वहीं इस मामले में संगठन ने अभी सीन स्पष्ट नहीं किया है। हालांकि पहले एक बैठक महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल और मेयर सुनीता दयाल के बीच महानगर कार्यालय पर हुई। ये बैठक निगम कार्यकारिणी के भाजपा उम्मीदवारों के नाम तय करने को लेकर हुई थी। इसी बीच हाउस टैक्स वृद्धि का मामला आ गया। एक बार फिर कार्यकारिणी चुनाव की तिथि आने के बाद नगर निगम की राजनीति में उथल-पुथल शुरू हो गई है। संगठन किसे उम्मीदवार बनाएगा और वो बागी उम्मीदवारों को लेकर क्या रूल बनाएगा इसको लेकर दैनिक करंट क्राइम ने भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल से बात की।

महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने बैठक को लेकर कहा कि अभी समय है और संगठन नामों को तय करेगा। बैठक को लेकर उन्होंने संभावना जताई कि 30 अगस्त को संगठन बैठक कर सकता है। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि कार्यकारिणी चुनाव में भाजपा का कौन सा चेहरा उम्मीदवार होगा इसको लेकर संगठन निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि जो फैसला संगठन का होगा वह सर्वोपरि होगा और वह सबको स्वीकार होगा। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने यह भी कहा कि सबकुछ सौ प्रतिशत रूप से अनुशासित होगा और सभी पार्षद पार्टी के फैसले को फॉलो करेंगे।

उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा व्हिप भी जारी होगा और व्हिप के खिलाफ कोई भी पार्षद नहीं जाएगा। चेहरों की संभावनाओं को लेकर मयंक गोयल ने कहा कि अभी इस बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। संगठन के साथ बैठक होगी और बैठक के बाद ही उम्मीदवारों के नाम की घोषणा होगी।

### बगावत या बवाल, ये काल्पनिक सवाल: मयंक गोयल

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर पार्षद ताल ठोंक चुके हैं। पार्षद ग्रुप पर रोजाना ऐलान हो रहा है और इस बात की संभावना है कि नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में बगावत हो सकती है। हालांकि जिन पार्षदों को ये लग रहा है कि क्या पता बात ऐसे ही बन जाए और पार्टी उन्हें उम्मीदवार बना दे तो ऐसे पार्षद अभी अपने तेवरों को हल्का रखकर चल रहे हैं। निगम कार्यकारिणी चुनाव में अगर बगावत हुई तो पार्टी का स्टेंड क्या रहेगा। क्या बगावत हुई तो अनुशासन वाला फंडा लागू होगा। बगावत और बवाल के सवाल पर महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि यह तो एक काल्पनिक सवाल है और ऐसा कुछ नहीं होगा और उन्होंने बगावत की संभावना से भी इनकार कर दिया।

# जनरल वीके सिंह पर लिखने वाले पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी क्यों हैं सांसद अतुल गर्ग पर खामोश

## क्या वो संतुष्ट हैं उनकी कार्यशैली से तभी नहीं दिखाते वो इतना जोश

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी भाजपा की राजनीति के उन चेहरों में हैं जिनका राजनीतिक जीवन एक आदर्श जीवन कहा जा सकता है। वो सरकार में गृहराज्यमंत्री रहे हैं, व्यापार कर मंत्री रहे हैं, बेसिक शिक्षा मंत्री रहे हैं, लेकिन आज भी उनका आचरण, उनकी जीवनशैली बेहद सरल और सादगी का प्रतिबंब है।

पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी की एक विशेषता और भी है और वो ये है कि जब वो विचार व्यक्त करते हैं तो फिर उसमें कोई सॉफ्ट कॉर्नर नहीं रखते हैं। सामने वाले के लिये भी और खुद अपने लिये भी। स्पष्टवादिता उनके लेखन की एक सबसे बड़ी विशेषता है। जनरल वीके सिंह जब गाजियाबाद के लोकसभा सासंद थे, केंद्रीय मंत्री थे तो उन्हें लेकर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कई बार लिखा। जब तक वीके सिंह का कार्यकाल रहा पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कई बार लिखा। उन्हें वो वादा भी याद दिलाया कि आपको मेरे यहां



चाय पीने आना था और ह्यहुजूर आपको तो आते-आतेह्न कई साल लग गए। कई मुद्दों पर कई बार लिखा और उनके जाने के बाद तक लिखा और वर्ष 2024 में अतुल गर्ग लोकसभा सांसद बने। अब सभी की निगाहें इस बात पर थी कि राजनीति के इतिहास से लेकर राजनीति के वर्तमान तक सटीक कैलकुलेशन करने वाले पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी आखिर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग पर क्यों नहीं लिख रहे हैं। हालांकि ये पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी का सर्वाधिकार सुरक्षित मामला है कि वो किस पर लिखें या किस पर ना लिखें, लेकिन पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी जब लिखते हैं तो उन्हें केवल भाजपा ही नहीं बल्कि सभी दलों के लोग पढ़ते हैं, उनकी स्पष्टवादिता के प्रशंसक हैं। सांसद अतुल गर्ग को लेकर आखिर पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी क्यों नहीं लिख रहे हैं।

भाजपा वाले ही कहते हैं कि जनरल वीके सिंह को लेकर तो वो बहुत ही स्पेशल लिखते थे, लेकिन सांसद अतुल गर्ग को लेकर वो जनरली भी कुछ नहीं लिख रहे हैं। हो सकता है कि वो अभी उनके कार्य का आंकलन कर रहे हों। ये भी हो सकता है कि अतुल गर्ग की कार्यशैली भाजपा की कार्यशैली के अनुकूल हो, इसीलिये पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी की कलम कूल हो। बहरहाल जो भी है सवाल उठ ही रहा है। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी जितना मुखर जनरल वीके सिंह को लेकर होते थे उतना ही खामोश वो सांसद अतुल गर्ग को लेकर क्यों है।

# मानसिक विक्षिप्त को फैक्ट्री मालिक के ड्राइवर ने कुचला था

## दुर्घटना के वक्त पिलखुवा फैक्ट्री से लौट रहा था आरोपी ड्राइवर बंटी

### - कार मालिक शालीमार सिटी टीलामोड़ निवासी है

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में 25 अगस्त की दोपहर एक कार की चपेट में आने से होटल फॉर्चून के सामने मुख्य मार्ग पर मानसिक रूप से विक्षिप्त व्यक्ति कार के नीचे आ गया था। जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई थी। इस दौरान सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल हुआ ,जिसके बाद पुलिस ने पूरे मामले की जांच की और सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो यह पता चला कि कार मोटर इलेक्ट्रिक प्राइवेट लिमिटेड मोहन नगर इंडस्ट्रियल एरिया साहिबाबाद गाजियाबाद के पते पर रजिस्टर्ड है। इसके मालिक का नाम लोकेंद्र निवासी



शालीमार सिटी थाना टीलामोड़ बताया गया है। बताया जा रहा है घटना के समय इस कार को चालक बंटी चला रहा था, जो नंद नगरी पूर्वी दिल्ली का रहने वाला है। एसीपी कवि नगर भास्कर वर्मा का कहना है कि इस मामले में पुलिस ने चालक बंटी से पूछताछ की है। साथ ही उसपर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### पिलखुवा से लौटते वक्त हुआ था ड्राइवर से सड़क हादसा

करंट क्राइम : सिटी जोन पुलिस की जांच से पता चला है कि कार चालक बंटी निवासी नंद नगरी पूर्वी दिल्ली सड़क हादसे वाले दिन पिलखुवा स्थित फैक्ट्री गया था। वहां से लौटते समय जब वह होटल फॉर्चून के सामने पहुंचा, तो उसकी कार के आगे एक तक ट्रक रहा था। ट्रक के पीछे उसकी कार थी, इसी दौरान डिवाइडर से कूद कर एक व्यक्ति रोड पर आ गया। जिससे कार का पहले अगला टायर और फिर पिछला टायर उसपर चढ़ गया, इस मौके पर कार चालक जबतक कुछ समझ पाता पीड़ित की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया है कि कार चालक ने वैसे तो मौके से तो फरार हो गया था, लेकिन पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और कार नंबर के आधार पर उसकी पहचान करते हुए उससे पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही उसपर कार्रवाई भी की जा रही है।



### पीड़ित बोला नहीं लग पाया था ब्रेक, अचानक से टायर के नीचे आ गया था मृतक

करंट क्राइम : इस पूरे मामले में पुलिस ने सीसीटीवी की हड़ताल करने के बाद आरोपी कार चालक बंटी से पूछताछ की है। बंटी ने पुलिस को जो बयान दिया है उसमें कहा है कि वह ब्रेक नहीं लगा पाया था। अचानक से टायर के अगले हिस्से पर मृतक आ गया था, इसके बाद बंटी ने कार आगे कर ली थी। उसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था, जिसके बाद पुलिस ने एक्शन लिया है।

# गाजियाबाद पुलिसकर्मियों का आत्म-रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से होगा शुरू

### - एसीपी, एसएचओ सहित अन्य पुलिसकर्मियों को किया जाएगा ट्रेंड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम मे पुलिस आयुक्त जे रविंदर गौड पुलिसिंग में सुधार और आचरण में बदलाव के लिए अलग-अलग प्रयास करते रहते हैं। तो वहीं बेहतर पुलिसिंग के साथ नई व्यवस्था बनाने पर भी जोर देते हैं।

पुलिस कमिश्नर के निर्देशन पर अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के पुलिसकर्मियों को आत्म-रक्षा के गुर सिखाए जाएंगे।

इसके लिए 28 व 29 अगस्त को वेवसिटी स्थित एएस रॉयल ग्रीन्स हॉल में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अलग-अलग स्तर के पुलिसकर्मियों को ट्रेंडिंग देने के साथ ही ट्रेंड भी किया जाएगा।

### एसीपी से लेकर कांस्टेबल सीखेंगे आत्म-रक्षा के गुर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, प्रशिक्षण में सहायक पुलिस आयुक्त, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी व आरक्षी स्तर के अधिकारी-कार्मिक भाग लेंगे। कार्यक्रम में कवच टीम द्वारा पुलिसकर्मियों को आत्म-रक्षा संबंधी स्किल सिखाई जाएगी। इस शिविर का उद्घाटन गुरुवार 28 अगस्त को सुबह 10 बजे होगा। जिसमें पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अलग-अलग स्तर के पुलिसकर्मी बुलाए गए हैं।

### निगम कार्यकारिणी चुनाव की ललकार देने वाले पार्षद के नरम दिखे तेवर

# कहा, मुझे संगठन पर भरोसा, मेरा ही करेंगे फेवर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** निगम कार्यकारिणी चुनाव को लेकर पार्षदों ने मोर्चा खोल दिया है। वो व्हॉट्सएप ग्रुप पर ऐलान कर रहे हैं, वो चुनाव लड़ने की बात कर रहे हैं। ऐसे ही एक पार्षद हिमांशु शर्मा हैं।

हिमांशु शर्मा ने चुनाव लड़ने की बात कही और हिमांशु शर्मा वो पार्षद हैं जिन्हें उन चार पार्षदों में स्थान हासिल हुआ है जिनकी शिकायत महानगर संगठन से की गई है। चुनाव लड़ने का ऐलान करने वाले पार्षद हिमांशु शर्मा से करंट क्राइम ने बात की। उन्होंने चुनाव लड़ने की बात तो कही, लेकिन उनके तेवर नरम दिखाई दिये। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने की प्रबल इच्छा है, मेरी दावेदारी है और मैनें चुनाव लड़ने की बात कही है, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी तक हमारी संगठन से बात नहीं हुई है।

दैनिक करंट क्राइम ने जब उनसे सवाल किया कि अगर संगठन ने आपको उम्मीदवार नहीं बनाया तो क्या रणनीति होगी। इस पर पार्षद हिमांशु शर्मा ने कहा कि कुछ ना कुछ रणनीति तो बनाएंगे, लेकिन यहां वो संगठन की गाइडलाइन पर खड़े दिखाई दिये। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी की गाइडलाइन के खिलाफ नहीं जा सकता हूं। लोकतंत्र में सबको अपनी बात कहने का अधिकार है और हमने भी अपनी बात कही है। हम भी जनप्रतिनिधि हैं, लेकिन एक भाजपा कायकर्ता के रूप में संगठन सर्वोपरि है और मुझे उम्मीद है कि संगठन हमारे नाम पर विचार करेगा।

### सामुदायिक भवन को लेकर पार्षद ने रखी अपनी बात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पार्षद हिमांशु शर्मा ने करंट क्राइम से बातचीत में अपने वार्ड के एक शैल्टर होम का मामला रखा। उन्होंने कहा कि वह पूर्व में सामुदायकि भवन था और बाद में उसे शैल्टर भवन का दर्जा दिया गया था। 15 साल से ये पार्षद की संस्तुति पर ही बुक होता रहा है। उन्होंने कहा कि मैंने निगम में प्रस्ताव रखा था कि यहां आश्रय स्थल खत्म किया जाए इस सामुदायिक भवन को निगम द्वारा संचालित किया जाए। वो प्रस्ताव सदन से पास हो गया, जबकि एक साल पहले भी यहां निगम वाले कभी बेटी की शादी को रोक लेते हैं और गणेश चतुर्थी पर कार्यक्रम चल रहा था और नगर निगम की टीम यहां आकर परमीशन मांग रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह मुझपर दबाव बनाने की रणनीति है। ये जनता के लिये बना सामुदायिक भवन है और इसे जनता को ही दिया जाना चाहिए।

# युवा मोर्चा के अध्यक्ष 200 अंडर-20 युवाओं को लेकर जाएंगे लखनऊ

## वन नेशन, वन इलेक्शन की रैली में युवाओं की भागीदारी

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा किसानों, उद्यमियों, व्यापारियों के साथ-साथ अब युवा वर्ग पर फोकस कर रही है और युवा वर्ग में भी उसका फोकस उस वर्ग पर आ गया है जिसे नव मतदाता कहा जाता है।

भाजपा नव मतदाताओं को इलेक्शन से जोड़ रही है और गाजियाबाद में 200 युवाओं को लखनऊ रेली में ले जाने की तैयारी है। सितंबर महीने के प्रथम सप्ताह में ये रैली लखनऊ में आयोजित होगी। ह्यवन नेशन-वन इलेक्शनह्न की इस रैली में भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष को टारगेट दिया गया है। युवा मोर्चा के अध्यक्ष अपने साथ 200 युवाओं को लेकर लखनऊ में इस






रैली में भाग लेंगे।

भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस रैली की खास बात ये है कि इस रैली में जो युवा भाग लेंगे वो 20 वर्ष की आयु की सीमा के अंदर होंगे। यानी ये सभी युवा कॉलेजों में अध्यनरत छात्र होंगे। इन युवाओं को ह्यएक राष्ट्र-एक चुनावह्न से जुड़ी बातों से अवगत कराया जायेगा। भाजपा युवाओं को प्रमोट कर रही है। उन्होंने बताया कि गाजियाबाद जिले से भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिन डेढ़ा को यह दायित्व दिया जाएगा कि वह अपने साथ 200 युवाओं को लेकर लखनऊ पहुंचेंगे।

उन्होंने बताया कि लखनऊ जाने के लिये क्या कार्यक्रम बनेगा यह तय कर लिया जाएगा। ट्रेन की पूरी बोगी भी बुक कराई जा सकती है और बस से भी यह कार्यक्रम आयोजित किया जा सकता है। उन्हेंने बताया कि गाजियाबाद से 200 युवा लखनऊ पहुंचेंगे।

# सुनीता दयाल ने 15 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे, 5 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मानित

### सरकार हर जन के विकास और समृद्धि के लिए संकल्पबद्ध : महापौर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में बुधवार को आयोजित



समारोह में महापौर सुनीता दयाल ने जनपद गाजियाबाद की नवनियुक्त 15 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने महापौर का स्वागत तुलसी का पौधा भेंट कर किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोकभवन, लखनऊ स्थित संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

महापौर ने कहा कि सरकार हर जन के विकास और समृद्धि के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और ईमानदारी से भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न हुई है, अब आप सभी से अपेक्षा है कि आप भी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। समारोह में चयनित मुख्य सेविकाओं–पिंकी

शेष, पृष्ठ 6

## संपादकीय

# बिहार में हिंसा का दौर

बिहार में पिछले कुछ समय से जघन्य अपराधों के आंकड़ों और निरंतरता में जैसी तेज बढ़ोतरी हुई है, वह बताती है कि राज्य सरकार ने जितने बड़े पैमाने पर कथित सुशासन का प्रचार किया था, वह हकीकत से काफी दूर है। हाल के दिनों में राज्य में हत्या की कई घटनाएं सुर्खियों में रहीं। यह तब है, जब राज्य सरकार हर कुछ दिन बाद यह दावा करती दिखती है कि वहां जंगलराज के बाद उसने सुशासन कायम किया। सवाल है कि पिछले करीब दो दशक से सत्ता में रहने के बावजूद अगर अपराधों की बढ़ती संख्या, उसकी प्रकृति और निरंतरता पर रोक नहीं लग सकी, तो इसके लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

हालत यह है कि अब अपराधियों के निशाने पर बच्चे भी आने लगे हैं। इसी महीने की शुरूआत में पटना के जानीपुर इलाके में दो बच्चों को जला कर मार डाला गया था। अब बीते पंद्रह अगस्त को भी पटना के इंद्रपुरी इलाके में दो बच्चे घर से खेलते-कूदते ट्यूशन के लिए निकले और बाद में सड़क किनारे खड़ी कार में दोनों के शव मिले।

सवाल है कि यह किस तरह का सुशासन है कि न तो अपराधों पर लगाम लग पा रही है, न ही अपराध हो जाने के बाद पुलिस कुछ कर पा रही है। इंद्रपुरी में दो बच्चों के शव मिलने के बाद पुलिस को जहां सक्रिय होकर जल्द से जल्द मामले को सुलझाने और अपराधियों को पकड़ने की कोशिश करनी चाहिए थी, वहीं वह अब तक किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी है। नतीजतन, वहां सोमवार को सरकार और पुलिस के रुख से भड़के लोगों की भीड़ अराजक हो गई और उसने पुलिस के वाहन को भी आग के हवाले कर दिया।

निश्चित रूप से लोगों का इस तरह हिंसक हो जाना समस्या के समाधान के रास्ते को बाधित करता है, मगर सवाल है कि आखिर पुलिस और प्रशासन की नींद तभी क्यों खुलती है, जब कोई मामला तूल पकड़ लेता है। अफसोसनाक यह है कि अपराधी बेखौफ होकर अपराधों को अंजाम दे रहे हैं, वहीं राज्य की सरकार और पुलिस मानो लाचार खड़ी है। बिहार में विधानसभा चुनावों में अब ज्यादा वक्त नहीं है। सवाल है कि सरकार क्या अपराधों की ऐसी ही तस्वीर के साथ जनता से समर्थन की उम्मीद कर रही है।

# भारत के ऑनलाइन गेमिंग कानून से ड्रीम स्पोर्ट्स का निकला दिवाला

## कंपनी की 95 फीसदी आय हुई खत्म

**नई दिल्ली।** ड्रीम11 अब भारतीय क्रिकेट टीम का टाइटल स्पॉन्सर भी नहीं है। बीसीसीआई ने नए स्पॉन्सर की तलाश शुरू कर दी है। दरअसल नए ऑनलाइन गेमिंग कानून के लागू होने के बाद ये फैसला लिया गया है। वहीं इस नए कानून से कंपनी की 95 फीसदी आय खत्म हो गई है।

मशहूर फैंटेसी गेमिंग एप ड्रीम11 की मूल कंपनी, ड्रीम स्पोर्ट्स ने कहा है कि नए ऑनलाइन गेमिंग कानून से उसकी 95% आय पर सीधा असर पड़ा है। इसके बावजूद कंपनी ने साफ किया कि वह कर्मचारियों की छंटनी नहीं करेगी, बल्कि अब अपने अन्य पोर्टफोलियो कंपनियों, फैनकोड, ड्रीमसेटगो, ड्रीम गेम स्टूडियो और ड्रीम मनी, को बढ़ाने पर ध्यान देगी।

'बिजनेस को नए सिरे से खड़ा करेंगे' ड्रीम स्पोर्ट्स ने बयान में कहा, 'हम हमेशा कानून का पालन करते आए हैं और आगे भी करते रहेंगे। इस बदलाव के कारण हमें बड़ी आर्थिक चुनौती झेलनी पड़ रही है, लेकिन हमारा मकसद एक मजबूत भारतीय खेल कंपनी बनाना है।' ड्रीम स्पोर्ट्स ने कहा कि वह इस कठिन समय में अपने कर्मचारियों के साथ खड़ी है और टीम की सामूहिक ताकत से बिजनेस को नए सिरे से खड़ा करेगी।

### नया कानून और उसका असर

हाल ही में संसद ने ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन और रेगुलेशन) विधेयक, 2025 पास किया था। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह अब कानून बन गया है। इसमें सभी तरह के पैसे वाले ऑनलाइन गेम पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### क्या है इस कानून का उद्देश्य?

इस नए कानून से पैसों से खेले जाने वाले गेम की बढ़ती लत पर लगाम लगेगी, इसके साथ ही मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय धोखाधड़ी को रोकना है। इसके बाद ड्रीम11, माय11सर्किल, विंजो, जुपी और पोकरबाजी जैसी कंपनियों ने अपने पैसे वाले गेम बंद कर दिए हैं।

### क्या है सरकार का रुख?

आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, 'ऑनलाइन मनी गेमिंग एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी समस्या बन गई थी। इसके समाज पर बुरे असर साबित हो चुके हैं। हमारा लक्ष्य ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेमिंग को बढ़ावा देना है और भारत को गेम बनाने का हब बनाना है। मंत्री के मुताबिक ऑनलाइन गेमिंग तीन हिस्सों में बंटा है।

# वनस्पति तेल उद्योग को राहत की उम्मीद, जीएसटी रिफंड प्रतिबंध हटाने पर जल्द फैसला संभव

**नई दिल्ली।** वनस्पति तेल पर जीएसटी रिफंड प्रतिबंध हटाने पर जल्द फैसला हो सकता है। खाद्य मंत्रालय ने उद्योग के अनुरोध पर मामला वित्त मंत्रालय को भेजा है। जुलाई 2022 से लागू उल्टे शुल्क ढांचे से छोटे और घरेलू उत्पादक प्रभावित हो रहे हैं। इनपुट्स पर 12-18% और तेल पर 5% जीएसटी से आईटीसी रिफंड में असमानता पैदा हुई है।



वनस्पति तेल पर कर रिफंड प्रतिबंध हट सकता है। इस पर जीएसटी परिषद की बैठक में फैसला होने की उम्मीद है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा, खाद्य मंत्रालय ने वनस्पति तेल उद्योग के अनुरोध को वित्त मंत्रालय को भेज दिया है। खाद्य तेल उद्योग जुलाई, 2022 से उल्टे शुल्क ढांचे के तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के लिए माल और सेवा कर (जीएसटी) रिफंड पर प्रतिबंधों से जूझ रहा है। इसका विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों और घरेलू निमार्ताओं पर प्रभाव पड़ रहा है। खाद्य तेलों पर 5 फीसदी जीएसटी लागू है। पैकेजिंग, केमिकल और प्रसंस्करण उपकरण सहित इनपुट सामग्री पर 12-18 फीसदी की उच्च दर लागू है। इस असमानता के कारण उद्योग को 2021-22 तक आईटीसी पर रिफंड का दावा करने की मंजूरी थी। उधर, सभी वनस्पति तेल उत्पादकों को चीनी एवं वनस्पति तेल निदेशालय में पंजीकरण कराना होगा। हर महीने की 15 तारीख तक उत्पादन, बिक्री, स्टॉक स्तर और खरीद पर मासिक रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। इन

# सरकार ने पांच महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी रद्द की

## खराब प्रतिक्रिया मिलने के कारण फैसला



**नई दिल्ली।** सरकार ने खराब प्रतिक्रिया मिलने के कारण पांचवें दौर की नीलामी में कर्नाटक में एक दुर्लभ मृदा तत्व (आरईई) ब्लॉक सहित पांच महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी रद्द कर दी है। खान मंत्रालय ने एक नोटिस में बताया कि तीन ब्लॉकों- गुजरात और छत्तीसगढ़ में दो ग्लौकोनाइट खदानें और कर्नाटक में एक निकेल और पीजीई (प्लेटिनम ग्रुप एलिमेंट) ब्लॉक के लिए कोई बोली नहीं मिली। जिसके कारण उनकी नीलामी रद्द कर दी गई। इसके अलावा, दो अन्य ब्लॉकों- महाराष्ट्र में एक टंगस्टन खदान और कर्नाटक में एक आरईई ब्लॉक- की बिक्री न्यूनतम तीन तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं की कमी के कारण रद्द कर दी गई।

महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज ब्लॉकों की नीलामी का पांचवां चरण जनवरी में शुरू हुआ था। नीलामी के लिए रखे गए 15 ब्लॉकों में से 10 की नीलामी हो चुकी है। इन 10 ब्लॉकों में ग्रेफाइट, फॉस्फोराइट, फॉस्फेट, आरईई, वैनेडियम और पोटाश तथा हैलाइट सहित महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिज शामिल हैं, जो छत्तीसगढ़, कर्नाटक, ओडिशा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में फैले हुए हैं। कोल इंडिया, ऑयल इंडिया, एनएलसी इंडिया और वेदांता समूह की हिंदुस्तान जिंक कुछ ऐसी कंपनियां थीं, जिन्होंने पांचवें दौर की नीलामी में प्रमुख खनिज ब्लॉक हासिल किए। बिक्री के लिए रखे गए 55 ब्लॉकों में से कुल 34 ब्लॉकों की पांच चरणों में नीलामी हो चुकी है। ये नीलामियां भारत को महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों पर आत्मनिर्भर बनाने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा हैं। तांबा, लिथियम, निकल, कोबाल्ट और आरईई जैसे महत्वपूर्ण खनिज तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक कच्चे माल हैं।

## अमेरिकी टैरिफ से भारत में लाखों नौकरियों पर मंडरा रहा संकट

# सीटीआई ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

**नई दिल्ली।** चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने अमेरिकी टैरिफ की चिंताओं को लेकर पीएम मोदी को पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि भारत में लाखों नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है। टैरिफ वृद्धि से भारतीय समान अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धियों की तुलना में 35 प्रतिशत तक महंगे हो जाएंगे। साथ ही उन्होंने अमेरिका पर जवाबी टैरिफ लगाने की अपील की। अमेरिकी टैरिफ से भारत में लाखों नौकरियों पर संकट के बादल छाएं हुए हैं। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने प्रधानमंत्री मोदी को इससे संबंधित पत्र लिखा है।

सीटीआई के चेयरमैन बृजेश गोयल ने कहा कि 50 प्रतिशत टैरिफ का भारत के कपड़ा, चमड़ा, रत्न एवं आभूषण, ऑटो कलपुर्जे, रसायन, फार्मा, समुद्री खाद्य, इलेक्टॉनिक्स और अन्य क्षेत्रों पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा।

अमेरिकी आयातों पर निर्भरता करे कम

प्रधानमंत्री को लिखे अपने पत्र में गोयल ने आग्रह किया कि भारत को खनिज, कीमती



पत्थर, धातु, विमान उपकरण, प्लास्टिक और रसायन जैसे अमेरिकी आयातों पर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए। इन पर लगा कितना टैरिफ सीटीआई महासचिव राहुल अदलखा और राजेश खन्ना ने यह भी बताया कि अमेरिका को भारत के निर्यात में 53 प्रतिशत फार्मास्यूटिकल्स, 53 प्रतिशत कपड़ा और परिधान, 37 प्रतिशत रत्न और आभूषण, 28 प्रतिशत ऑटो घटक, 13 प्रतिशत रसायन और 22 प्रतिशत समुद्री खाद्य शामिल हैं।

### भारतीय समान अमेरिकी बाजार में 35 प्रतिशत होंगे महंगे

उन्होंने कहा कि इसके कारण भारतीय समान अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धियों की तुलना में 35 प्रतिशत तक महंगे हो जाएंगे। इससे खरीदार दूसरे विकल्प चुनने के लिए मजबूर हो जाएंगे। सीटीआई के अनुसार इस बढ़ोतरी से 48 अरब डॉलर से ज्यादा मूल्य के भारतीय निर्यात प्रभावित हो सकते हैं। इंजीनियरिंग सामान जैसे क्षेत्रों, जिनका पिछले साल 1.7 लाख करोड़ रुपये का निर्यात हुआ था। इस पर भारी असर पड़ने की आशंका है।

पिछले साल 92,000 करोड़ रुपये मूल्य के दवा निर्यात को भी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। पहले अमेरिका में शुल्क-मुक्त आने वाली दवाओं की कीमतें अब 50 प्रतिशत बढ़ जाएंगी। इससे भारतीय दवा कंपनियों को वियतनाम जैसे अन्य आपूर्तिकताओं की तुलना में नुकसान होगा।

### भारत को भी टैरिफ में वृद्धि करने की सलाह

हालांकि, इन चिंताओं के बावजूद, गोयल ने सरकार को सलाह दी कि भारत को अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी टैरिफ लगाकर अमेरिका द्वारा की गई भारी टैरिफ वृद्धि का कड़ा जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को इस दबाव से नहीं डरना चाहिए। हमें अमेरिकी आयात पर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए और साथ ही जर्मनी, ब्रिटेन, सिंगापुर और मलेशिया जैसे देशों में नए बाजार तलाशने चाहिए, जहां इंजीनियरिंग वस्तुओं की मांग बढ़ रही है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जो लोग सोचते हैं कि उनकी राय दूसरों के मुकाबले बेहतर है, वे अपने प्रासंगिक ज्ञान को अधिक महत्व देने और अधिक जानने के अवसरों को अनदेखा कर सकते हैं, एक अध्ययन में पाया गया।
- साल 2015 में जर्मनी में सबसे ज्यादा आश्रय अनुरोध थे।
- सावधानीपूर्ण और कुशल इंजीनियरिंग के कारण आकाशीय बिजली ने साल 1963 से किसी भी विमान को नुक्सान नहीं पहुँचाया है, क्यूंकि यह आकाशीय बिजली के बोल्ट के बिजली के चार्ज को विमान के माध्यम से चलाता है और इसके बाहर चला जाता है।
- कई आइसलैंड निवासियों के लिए, विश्व युद्ध 2 वास्तव में 'धन्यवाद युद्ध' के रूप में जाना जाता है क्योंकि देश की आजादी के लिए धन्यवाद देने का युद्ध है।
- जब स्टीव जॉब्स अपनी मृत्युसैय्या पर थे, तो उन्होंने पांच अलग ऑक्सीजन मास्क मांगे ताकि वह सर्वश्रेष्ठ डिजाइन के साथ एक चुन सकें।
- यदि आप वास्तविक जीवन में राक्षसों और पिशाचों के बारे में जानना चाहते हैं, तो आप एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में पैराप्सिओलॉजी में पीएचडी प्राप्त कर सकते हैं।

## राशिफल

मेष : भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

वृष : यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

मिथुन : चोट व दुर्घटना आदि से हानि के योग हैं। अत: किसी भी काम को करते समय लापरवाही न करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें।

कर्क : डूबा हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल रहेगी। बेरोजगारी दूर होगी। कारोबार में वृद्धि के योग हैं।

सिंह : नए कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं। दूर से काम मिल सकता है। आर्थिक नीति में सुधार होगा। योजना फलीभूत होगी।

कन्या : तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। रुके कामों में गति आएगी।

तुला : चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें। बोलचाल में हल्केपन को न वापरें।

वृश्चिक : स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यस्तता रहेगी। शत्रु पस्त होंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा।

धनु : संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

मकर : पठन-पाठन व लेखन इत्यादि काम सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

कुंभ : दूर से कोई बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी अपने ही व्यक्ति से बिना कारण विवाद को हो सकता है। दौड़धूप अधिक रहेगी।

मीन : नौकरी में कोई नया काम कर पाएंगे। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा।

## चुटकुले

बेटा - पिता जी, आप बहुत किस्मत वाले हैं?
पिता जी - वो कैसे बेटा?
बेटा - क्योंकि मैं फेल हो गया हूं।
आपको मेरे लिए नई किताबें नहीं खरीदनी पड़ेंगी।

रिक्शा वाले की लड़की सिल्वर मेडल लाई...
रिक्शा वाले का बेटा आईएएस बना...
रिक्शा वाले की बेटी के 99 प्रतिशत आए...
खबरें पढ़ पढ़ के बच्चे जिद कर रहें हैं,
पापा आप भी रिक्शा लेलो!!

पत्नी - लाइसेंस नहीं दिखाने की वजह से चालान कट गया।
पति - लेकिन तुम्हारे पास तो हमेशा लाइसेंस रहता है।
पत्नी - उसमें अच्छी फोटो नहीं थी, इसलिए ट्रैफिक पुलिस को दिखाया ही नहीं।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़े दो शातिर ठग, जेवर व नकदी बरामद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कोतवाली नगर पुलिस ने ठगी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से जेवर और नकदी बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान जावेद पुत्र नूर मोहम्मद निवासी डासन, जनपद गौतमबुद्ध नगर तथा शाहिद पुत्र शब्बीर निवासी धौलाना, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। दोनों के पास से चार जोड़ी बिछिया (सफेद धातु), एक जोड़ी पायल (सफेद धातु), एक सोने की चैन और 4760 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि बीते 14 जुलाई को उन्होंने अमरोहा जाने वाले एक व्यक्ति को अपनी बातों में उलझाकर उसके रुपए और जेवर ठगे थे। बरामद सामान उसी वारदात से जुड़ा हुआ है। आरोपियों ने बताया कि वे इसी तरह लोगों को झांसा देकर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते थे। अभियुक्त शाहिद का आपराधिक इतिहास भी खंगाला गया। उस पर पहले से हत्या, धोखाधड़ी, लूट और ठगी समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज पाए गए हैं। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी के अनुसार दोनों ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# लोनी में आयोजित भव्य पीडीए पंचायत समाजवादी पार्टी की नीतियों पर जोर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी ने लोनी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पाबी में भव्य पीडीए पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व जोन संख्या एक के प्रभारी चौधरी अय्यूब अली और सह-आयोजनकर्ता फरीद अली (पूर्व नगर अध्यक्ष) ने किया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों और दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए कहा कि पीडीए परिवार का उज्ज्वल भविष्य केवल समाजवादी पार्टी के साथ ही संभव है। उन्होंने जातीय जनगणना की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे पीडीए समुदाय की वास्तविक हिस्सेदारी और अधिकार सुनिश्चित हो सकेंगे। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा अध्यक्ष ललित गुर्जर ने किया। उन्होंने पार्टी द्वारा पीडीए समुदाय के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी और उपस्थित जनसमूह को एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के साथ जुड़ने का आह्वान किया।

## कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे

**करंट क्राइम।** शकील शाह, नितिन त्यागी, राजेश बंसल, ललित गुर्जर, इरफान अमानत, असलम कुरैशी, फरीद अली, लईक मिर्जा, अय्यूब अली, हाजी नासिर अंसारी, इखलाक प्रधान, फुरकान कुरैशी, खालिद प्रधान, लड्डन मियां, याकिन सभासद, समीर खान, इकबाल अंसारी, आदिल सैफी, याशमीन कौसर, सोनम खान, नवतेज प्रधान, शाहिद सहसवनी, अमन जाटव, प्रिन्स जाटव, अवनीश जाटव, राजीव राज, मास्टर आबिद अली, चौधरी साबिर, चौधरी महफूज, चौधरी लियाकत, चौधरी वाहिद, चौधरी आबिद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता। कार्यक्रम ने पीडीए समुदाय में एकता और समाजवादी पार्टी के प्रति विश्वास को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में नागरिक सुरक्षा और अग्निशमन प्रशिक्षण का आयोजन

## स्कूल में 740 छात्र-छात्राओं ने सीखा आग से बचाव और नियंत्रण







**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** विजय नगर स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को सिविल डिफेंस, गाजियाबाद के सहयोग से एक नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण और अग्निशमन अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया गया। सिविल डिफेंस के उप नियंत्रक रविंद्र प्रताप, चीफ वार्डन ललित जायसवाल और सहायक उप नियंत्रक गुलाब नबी के कुशल नेतृत्व में कोतवाली डिवीजन द्वारा आयोजित इस अभ्यास में स्कूल के लगभग 740 छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

**आग से बचाव का प्रशिक्षण** : इस प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को आग से बचाव, दूसरों की मदद करने और आग पर काबू पाने के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। स्कूल के डायरेक्टर डॉ. करुण कुमार गौड़ ने बताया कि इस तरह के अभ्यास बच्चों को आत्मरक्षा के साथ-साथ दूसरों की मदद करने के लिए भी तैयार करते हैं। प्रधानाचार्या अंजू गौड़ ने कहा कि पहले शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया, जिसके बाद यह ज्ञान छात्रों तक पहुँचाया गया। उन्होंने बताया कि स्कूल केवल शिक्षा और खेल ही नहीं, बल्कि छात्रों को प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए भी तैयार कर रहा है।

**अधिकारियों की उपस्थिति** : इस कार्यक्रम में कई अधिकारियों और सदस्यों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिनमें डिवीजनल वार्डन (आरक्षित) हर्ष वर्मा, डिविजनल वार्डन डॉ. सुजीत कुमार प्रसाद, डिप्टी डिवीजनल वार्डन रवि अग्रवाल, स्टॉफ ऑफिसर रमन सक्सेना (साहिबाबाद), स्टॉफ ऑफिसर महेंद्र प्रताप श्रीवास्तव, स्टॉफ ऑफिसर (हताहत सेवा) डॉ. चरण सिंह, स्टॉफ ऑफिसर (फायर) देवकीनंदन शर्मा, घटना नियंत्रण अधिकारी नरेंद्र सिंह, अशोक कुमार सिंह, पोस्ट वार्डन वी.के. सक्सेना (आरक्षित), पोस्ट वार्डन विनोद कुमार, सुरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, डिप्टी पोस्ट वार्डन कावेरी के साथ-साथ सभी सेक्टर वार्डन और फायरफाइटर शामिल थे।

इस कार्यक्रम में डिवीजनल वार्डन (आरक्षित) हर्ष वर्मा, डिविजनल वार्डन डॉ. सुजीत कुमार प्रसाद, डिप्टी डिवीजनल वार्डन रवि अग्रवाल, स्टॉफ ऑफिसर टू डिविजनल वार्डन रमन सक्सेना (साहिबाबाद) स्टॉफ ऑफिसर टू डिविजनल वार्डन महेंद्र प्रताप श्रीवास्तव, स्टॉफ ऑफिसर (हताहत सेवा) डॉ. चरण सिंह, स्टॉफ ऑफिसर (फायर) देवकीनंदन शर्मा, घटना नियंत्रण अधिकारी नरेंद्र सिंह, अशोक कुमार सिंह, पोस्ट वार्डन वी.के. सक्सेना (आरक्षित), पोस्ट वार्डन विनोद कुमार, सुरेंद्र कुमार, मनोज कुमार, डिप्टी पोस्ट वार्डन कावेरी एवं समस्त सेक्टर वार्डन और फायरफाइटर ने प्रदान किया गया।

# 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई गणेश चतुर्थी







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ के कैंप परिसर में गणेश चतुर्थी का पर्व हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। गणपति पंडाल में गणेश जी की प्रतिमा की स्थापना ढोल-नगाड़ों और गणपति बप्पा मोरया के जयघोष के बीच की गई। समारोह की शोभायात्रा में उप महानिरीक्षक प्रवीण कुमार तिवारी, वाहिनी अध्यक्ष अनुपमा गौतम, अधिकारीगण, रेस्क्यूर्स तथा उनके परिवारजन बड़ी संख्या में शामिल हुए। यह यात्रा धार्मिक आस्था के साथ-साथ वाहिनी की सामूहिक एकजुटता और उत्साह का परिचायक बनी।

प्रवीण कुमार तिवारी और अनुपमा गौतम ने विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रतिमा की स्थापना की। पूजा उपरांत सभी उपस्थित जनों ने गणपति जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर तिवारी ने अधिकारियों, रेस्क्यूर्स और परिवारों को गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएँ दीं और उनके जीवन में सुख-समृद्धि एवं सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि यह पर्व 8वीं वाहिनी के रेस्क्यूर्स के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत है, जो हर परिस्थिति में जनसेवा के लिए तत्पर रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गणेश चतुर्थी केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामूहिक चेतना, सेवा भावना और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। जब कर्तव्य और श्रद्धा साथ चलते हैं, तो हर कार्य दिव्यता प्राप्त करता है।

# पं. अशोक भारतीय ने गणेश प्रतिमा स्थापित कर ट्रंप की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित अशोक भारतीय ने 27 अगस्त को गाजियाबाद के रामनगर में खाटू नरेश प्रेमी और राष्ट्रीय व्यापार मंडल के गाजियाबाद विधानसभा उपाध्यक्ष राजेश वर्मा के आवास पर भगवान गणेश की इको-फ्रेंडली प्रतिमा स्थापित कर पूजा की। इस अवसर पर पंडित अशोक भारतीय ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 50% टैरिफ की कड़ी निंदा की। उन्होंने भगवान गणेश से ट्रंप की सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की, ताकि वह ऐसे फैसले न लें जो दोनों देशों के संबंधों को प्रभावित करें। इसके साथ ही, उन्होंने भारत की अर्थव्यवस्था में और मजबूती आने की कामना भी की। भारतीय ने मोदी सरकार से अपील करते हुए कहा कि वे अमेरिका को इस टैरिफ का उचित और सख्त जवाब दें। इस पूजा में आनंद प्रकाश वर्मा, प्रवीण बत्रा, रश्मि वर्मा, तनिष्का वर्मा, सार्थक वर्मा, अमित कुमार वर्मा, योगेश गुरु जी, नरेश वर्मा, विक्की गर्ग, यामिनी गर्ग सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# कांग्रेस की संगठन सृजन कार्यशाला में राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने का मंत्र दे गए संजय और शिवराम





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस जिला और महानगर इकाई की ओर से संयुक्त रूप से संगठन सृजन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मंडलीय समन्वयक एवं पूर्व विधायक संजय कपूर और समन्वयक शिवराम बाल्मीकि ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत तय है। और इसके बाद यूपी में इंडिया गठबंधन की सरकार बननी तय है। हमारे नेता राहुल गांधी की बिहार में यात्रा में उमड़ तेजी जन सैलाब का जबरदस्त समर्थन मिल रहा है।

राजनगर एक्टेंशन स्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता मांगेराम त्यागी के सोना पैलेस में हुए कार्यक्रम में संजय कपूर और शिवराम बाल्मीकि ने कहा कि बिहार और यूपी में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद हमारे नेता राहुल गांधी को पीएम बनने से कोई रोक नहीं सकता। बस कार्यकताओं को घर से रोजाना निकलकर पार्टी के लिए दो तीन घंटे खर्च करने होंगे।

कोऑर्डिनेटर अजय चौधरी व पंडित राजकुमार शर्मा आदि नेताओं ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष सतीश शर्मा ने भरोसा जाहिर करते हुए कहा कि यूपी चुनाव में गाजियाबाद में ऐतिहासिक और अभूतपूर्व जोग होगी कांग्रेस की। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष वीर सिंह जाटव ने भी विचार रखे। संचालन अश्विनी त्यागी न किया। कई दलों के कार्यकर्ता हुए कांग्रेस में शामिल कार्यशाला के दौरान कई दलों के कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए। इनमें आशीष शर्मा, विपुल शमा, 'अजय अजय तथा तेजपाल सीकरी कला गांव से भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए। शेखर त्यागी तथा आकांक्षा वर्मा भी भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए। नफीस तथा सोनिया सपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए। पायल तथा गुरमीत सरदार भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए।

साहिल खान, सचिन भाटी, राज खान, शादाब अली, अंकित पंडित, पायल, लोनी मंडल अध्यक्ष अजमत अली, आजाद समाज पार्टी छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए।

# सीएम भगवंत मान ने राहत कार्यों में लगाया निजी हेलीकॉप्टर, खुद पूरी कैबिनेट के साथ फील्ड पर उतरे



**चंडीगढ़।** पंजाब भी मौसम की मार झेल रहा है, वहीं मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार इस कठिन आपदा को एकजुट होकर जनता के लिए राहत और पुनर्वास में जुट चुकी है। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में मुख्यमंत्री खुद जमीनी हालात का जायजा ले रहे हैं, जबकि पूरी कैबिनेट और प्रशासनिक अमला चौबीसों घंटे मोर्चा संभाले हुए है।

मुख्यमंत्री मान ने गुरदासपुर और पठानकोट के बाढ़ग्रस्त गांवों में पहुंचकर न सिर्फ पीड़ितों से मुलाकात की, बल्कि हर परिवार को भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार उन्हें हर हाल में राहत पहुंचाएगी। उन्होंने अफसरों को सख्त निर्देश दिए कि राहत और बचाव कार्यों में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हर व्यक्ति की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। मान सरकार ने बाढ़ राहत कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। राज्य प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि वह 24७7 जमीनी स्तर पर निगरानी बनाए रखे और हर प्रभावित गांव में राहत पहुंचे। जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री लाल चंद कटारूचक ने भी प्रभावित गांवों का दौरा कर प्रशासन के साथ मिलकर राहत सामग्री बांटी और स्थानीय व्यवस्थाओं की समीक्षा की। सरकार का हर मंत्री, हर जिला प्रशासन, हर आपदा राहत इकाई, चाहे वह सेना हो, बीएसएफ, एनडीआरएफ या एसडीआरएफ सभी का एक ही लक्ष्य हैं।

# आरोग्य उत्सव में जुटे देश-विदेश के स्वास्थ्य विशेषज्ञ आयुष चिकित्सा को बढ़ावा देने पर दिया जोर




**नई दिल्ली ।** भारत मंडपम में 24 अगस्त से 27 अगस्त तक तीन दिवसीय आरोग्य उत्सव एक्सपो 2025 का आयोजन किया गया। इंटीग्रेटेड आयुष काउंसिल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में देश-विदेश के स्वास्थ्य विशेषज्ञों, नीति-निमार्ताओं, विद्वानों और लोगों ने भाग लिया। इसमें स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आयुष चिकित्सा प्रणाली को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने पर जोर दिया।

महोत्सव का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। एक्सपो में आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, होम्योपैथी और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति पर अनेक सत्र हुए। विशेषज्ञों ने शोध और अनुभव साझा किए। साथ ही पंचकर्म, योग-प्रशिक्षण, हर्बल उपचार, ऑर्गेनिक प्रोडक्ट्स और निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण के जरिये लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

एक्सपो का उद्घाटन त्रिपुरा के राज्यपाल इंद्रसेना रेड्डी नल्लू ने किया। उन्होंने कहा कि समाज की प्रगति नागरिकों के स्वास्थ्य पर निर्भर है। उन्होंने आयुष पद्धतियों को शिक्षा और जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय महासचिव डॉ. विपिन कुमार ने कहा कि परिषद का उद्देश्य परंपरा और आधुनिकता के संगम से विश्व को स्वास्थ्य की नई दृष्टि देना है। अंतरराष्ट्रीय योग गुरु डॉ. एचआर नागेंद्र ने कहा कि योग और आयुर्वेद केवल उपचार नहीं बल्कि जीवन का विज्ञान है। उन्होंने पारंपरिक पद्धतियों और आधुनिक शोध के बीच संतुलन की आवश्यकता बताई।

आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि आयुर्वेद को घर-घर पहुंचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने भारतीय परंपरा और धरोहर को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का आह्वान किया। भारतीय योग संस्थान के अध्यक्ष देशराज ने कहा कि योग भारत की आत्मा है और इसे जीवनशैली का हिस्सा बनाना ही असली स्वास्थ्य है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे योग को केवल व्यायाम न समझें बल्कि आत्मिक संतुलन और राष्ट्र निर्माण का आधार मानें।

इस मौके पर इंटीग्रेटेड आयुष काउंसिल की अध्यक्ष डॉ. शिष्टा नड्डा ने घोषणा की कि अब परिषद एलोपैथी विशेषज्ञों के लिए भी खुली होगी। यह कदम एकीकृत स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूती प्रदान करेगा। डीपी मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. (डॉ.) राखी मेहर ने किया।

इस अवसर पर आयुष एक्सीलेंस अवार्ड डॉ. अकिलेश शर्मा, डॉ. हिमांशु वर्मा, डॉ. विनोद यादव को दिया गया। एम्स के डॉ. के अपर्णा शर्मा को मातृशक्ति शिशु कल्याण रत्न सम्मान - 2025 के साथ ही कृषि मंत्रालय के निदेशक डॉ शैलेश कुमार मिश्र को कृषि एवं किसान कल्याण रत्न सम्मान-2025 प्रदान किया गया। राज विद्या केंद्र की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त वक्ता प्रेम रावत जी का वीडियो संदेश सुनाया गया।

# राजनगर एक्सटेंशन में जाम से मिलेगी मुक्ति, जीडीए ने संभाला मोर्चा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) राज नगर एक्सटेंशन में यातायात की समस्या को हल करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। जीडीए के उपाध्यक्ष अतुल वत्स के निर्देश पर, एक टीम ने ट्रैफिक जाम के कारणों का पता लगाने के लिए क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस टीम में मुख्य अभियंता आलोक रंजन और अपर पुलिस आयुक्त (यातायात) सचिदानंद शामिल थे।

टीम ने पाया कि कुछ यू-टर्न और कटों के कारण जाम लगता है। इस समस्या के समाधान के लिए, कुछ यू-टर्न को बंद करने या दूसरी जगह शिफ्ट करने पर सहमति बनी। कुछ नए कट और यू-टर्न भी बनाए जाएंगे। ॠऊअ जल्द ही एक नया डिजाइन तैयार करेगा, जिसके बाद काम शुरू हो जाएगा।

इसके अलावा, जीडीए कई नई सड़कों का भी निर्माण कर रहा है:

**बंधा रोड:** 36 करोड़ रुपये की लागत से 18 और 24 मीटर चौड़ी यह सड़क बंधा रोड को नूरनगर से जोड़ेगी।

**डी सेक्शन रोड:** डी सेक्शन को आउटर रिंग रोड से जोड़ने वाली सड़क के लिए टेंडर जारी किया गया है।

**हम तुम रोड:** इस रोड के निर्माण के लिए भी टेंडर जारी किया गया है।

ये सभी परियोजनाएं राज नगर एक्सटेंशन में ट्रैफिक के प्रवाह को बेहतर बनाने और निवासियों को जाम से राहत दिलाने के लिए हैं।

# सुनीता दयाल ने 15 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे, 5 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सम्मानित

## सरकार हर जन के विकास और समृद्धि के लिए संकल्पबद्ध : महापौर





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में बुधवार को आयोजित समारोह में महापौर सुनीता दयाल ने जनपद गाजियाबाद की नवनियुक्त 15 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने महापौर का स्वागत तुलसी का पौधा भेंट कर किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोकभवन, लखनऊ स्थित संबोधन का सीधा प्रसारण भी देखा गया।

महापौर ने कहा कि सरकार हर जन के विकास और समृद्धि के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता और ईमानदारी से भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न हुई है, अब आप सभी से अपेक्षा है कि आप भी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। समारोह में चयनित मुख्य सेविकाओं–पिंकी रानी, अनुराधा पाल, प्रीति तिवारी, अनु त्यागी, दिव्या, हेम बिंदु भाटिया, सुषमा चौधरी, वर्षा तेवतिया, सोनिया, नीतू रानी, गुलेशमा सैफी, सुधा रानी, नीलम रानी और शिवांगी को नियुक्ति पत्र दिए गए।

इसके साथ ही रॉकेट लर्निंग संस्था द्वारा आयोजित आंगनबाड़ी प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 5 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। महापौर ने सैम से सामान्य श्रेणी में आए बच्चों को पोषण थाली भेंट कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वार्ष्णेय, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।



# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक आयोजित

## शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर दिया जोर





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पिछले किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई और अनिस्तारित मामलों को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने स्पष्ट कहा कि सभी अधिकारी प्रत्येक किसान दिवस में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और किसानों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि शिकायत निस्तारण के बाद उसकी आख्या और फोटोग्राफ उप कृषि निदेशक कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। बिना पूर्व अनुमति अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान किसानों से बिंदुवार चर्चा की गई। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी बिजेन्द्र तोमर, मनोज नागर और राजवीर सिंह समेत कई किसानों ने अपनी समस्याएँ रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. सन्तोष कुमार उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (भू.अ.) विवेक मिश्र, उप कृषि निदेशक राम जतन मिश्र सहित विद्युत, कृषि, सिंचाई, गन्ना, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, जल निगम, मंडी समिति एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। करीब 150 से अधिक किसान और अधिकारी बैठक में शामिल हुए। किसान दिवस ने किसानों की समस्याओं के त्वरित समाधान और उनके विश्वास को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई।




### हमें तो अब उनकी छाती पर बैठकर मूंग दलनी है

कार्यकारिणी की रणभेरी बजी है और असल में रणभेरी तो अब निगम में फूल बिटविन फूल बज गई है। एक तरफ अपील हुई कि उन्हें बाहर निकाल दो और दूसरी तरफ से यलगार हुआ कि हम भी सरकार हैं और हमें भी आने की पूरी दरकार है। इन सबके बीच एक सीन तो स्पष्ट हो गया कि अब जंग का रंग ही पूरी तरह भगवा होगा। बगावत का तूफान दिल में लिए फ्लावर ने कहा कि भाई साहब हमें पता है कि किसकी कितनी चल रही है और किसकी कितनी चलनी है। उसने कहा कि हमें कोई फैसले नहीं बदलवाने लेकिन हमें अब वहीं पर बैठकर उनकी ही छाती पर मूंग दलनी है। वो भी देखेंगे कि अब किसकी कितनी चलनी है।

### गांधी जी की मूर्ति, काली पट्टी और नाम की दास्तां

राजनीति में नाम ना हो तो फिर राजनीति किस काम की। अखबार में नाम होना चाहिए। दावेदारों वाली लिस्ट में नाम होना चाहिए। लेकिन पुराने कांग्रेसी ने बताया कि एलआईयू वालों की डायरी में नाम नहीं होना चाहिए। वो सियासत के पुराने पन्ने खोल रहे थे और उन्होंने बताया कि हम तो पार्क में अहिंसा के प्रवर्तक गांधी जी की मूर्ति के नीचे बैठे थे, काली पट्टी बांध कर बैठे थे। इसी बीच एलआईयू वाले आ गये और उन्होंने नाम लिखने शुरू किये। हमने नाम बताने शुरू किये। पट्टी बांध कर बैठने वालों में टिकट के दावेदार शर्मा जी भी थे। जब हमने शर्मा जी का नाम बताया तो उन्हें विधायक जी भी कहा क्योंकि और दलों में टिकट मिलने के बाद उम्मीदवार को समर्थक विधायक जी या मेयर साहब कहना शुरू करते हैं। लेकिन कभी कांग्रेस की भी लहर थी और हमारे यहां तो दावेदारी करते ही बंदा विधायक हो जाता था। एलआईयू वाले ने नाम लिखा तो शर्मा जी विधायक दावेदार के झंडाबरदार बनकर उनके पुत्र भी मैदान में कूद पड़े। नाम लिखने की बेला थी और उन्होंने अपना भी नाम कूद कर लिखवाया। लेकिन उन्हें खेला होने का एहसास तब हुआ जब घर पर मुकदमें के सम्मन आ गये। ना वो नाम बताते और ना वो नजर में आते। लेकिन अब नेता जी के पुत्र आज तक पूरे लोक में त्रिलोक को कोसते हैं कि तुम अगर नाम ना लिखाते तो हम कभी कचहरी में मुकदमें की तारीख पर ना जाते।

### फ्लावर वाले जीतेंगे विपक्ष वाले वोटों के संग

नगर निगम में ऐसा तूफान पहले कभी नहीं देखा गया। कोई विश्वास करें या ना करें लेकिन अविश्वास वाला सीन पूरा-पूरा है। उधर वाले को इधर वालों पर यकीन नहीं और इधर वाले भी उधर वालों को फेथ नहीं कर रहे हैं। अजीब जंग है जिसमें पता ही नहीं चल रहा कि कौन किसके संग है। बात वोटों की चली तो फ्लावर वाले ने ही कहा कि ये ललकार हवा में नहीं है और आप यकीन मानकर चलो कि फूल वालों के पास तिरंगा वोट भी है, नीला वोट भी है और यहां लड़ाई ही भगवा बनाम भगवा है। उसने दावा किया कि फ्लावर वाले बागी तभी होंगे जब वो अपने ही नाम पर राजी होंगे। वो बगावत भी करें और कार्यकारिणी में कोई दूसरा पहुंचे, ऐसा नहीं होगा। सुना है कि सेटिंग पूरी हो चुकी है और खेला ऐसा होगा कि विपक्ष के बचे-कुचे वोटों का भी रायता फैल जायेगा। पहली बार फूल वाले अपने उम्मीदवारों पर एक्शन लेंगे और फूल वाले बागी ही इलेक्शन लड़ेंगे।

## यातायात पुलिस का बड़ा अभियान

# अतिक्रमण करने वाले 1576 पर कार्रवाई

## सड़क किनारे ठेले-खोमचे वालों पर गिरी गाज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त व सुगम यातायात व्यवस्था बनाने के लिए गाजियाबाद यातायात पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड के निर्देश पर चलाए जा रहे, इस अभियान में अब तक 1576 दुकानदारों, ठेले, खोखे और खोमचे वालों को नोटिस जारी किए जा चुके हैं।

### इन इलाकों में हुई कार्रवाई

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के कवि नगर, राकेश मार्ग, चौधरी मोड़, हापुड़ तिराहा, मेरठ तिराहा, राजनगर एक्सटेंशन, मोहननगर, इंदिरापुरम, आनंद विहार बॉर्डर, सीमापूरी, लोनी तिराहा, मोदीनगर, डासना और मसूरी आदि इलाकों में कार्रवाई की गई।

### डीसीपी व एडीसीपी ने ली बैठक

**करंट क्राइम :** मगंलवार को डीसीपी ग्रामीण यातायात सुरेंद्र नाथ तिवारी की अध्यक्षता में, एडीसीपी यातायात सचिदानंद व अन्य पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में गोष्ठी आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात नियमों के शत-प्रतिशत अनुपालन हेतु विशेष दिशा-निर्देश दिए गए।

**पुलिस की जनता से अपील :** सड़क किनारे अवैध दुकान/ठेला/खोखा न लगाएं। अतिक्रमण कर दुर्घटनाओं की संभावना न बढ़ाएं। गाजियाबाद को सुरक्षित और सुगम यातायात वाला शहर बनाने में सहयोग करें।



सच्चिदानंद, एडीसीपी यातायात, कमिश्नरेट गाजियाबाद

# वसुंधरा के प्राचीन हनुमान मंदिर में रामलीला का भूमि पूजन, 20 सितंबर से होगा भव्य आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के वसुंधरा स्थित प्राचीन संकट मोचन श्री हनुमान मंदिर में होने वाली भव्य रामलीला के लिए बुधवार को भूमि पूजन किया गया। विद्वान पंडितों ने मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन कर रामलीला के सफल आयोजन की कामना की। इस दौरान भगवान श्री राम और हनुमान जी के जयकारों से पूरा प्रांगण गूंज उठा। भूमि पूजन और हवन में रामलीला समिति के पदाधिकारियों के साथ-साथ कई गणमान्य लोग भी शामिल हुए, जिन्होंने आहुति देकर पुण्य लाभ कमाया।

**रामलीला का कार्यक्रम :**

**आयोजन की तारीख:** 20 सितंबर, 2025 (शनिवार) से 3 अक्टूबर, 2025 (शुक्रवार) तक।

**रावण दहन:** 2 अक्टूबर, 2025 (बृहस्पतिवार)।

रामलीला का मंचन मथुरा-वृंदावन के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाएगा। रामलीला समिति के चेयरमैन श्री नरेंद्र भारद्वाज जी, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती डॉली शर्मा और अन्य अतिथिगण इस शुभ अवसर पर मौजूद रहे।

# साहिबाबाद में फ्लैट की छत गिरी, पांच लोग घायल

## एसडीएम अरुण दीक्षित ने अस्पताल जाकर हाल जाना

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र की संजय कॉलोनी, अर्थला में देर रात बड़ा हादसा हो गया। फ्लैट नंबर 326 की पहली मंजिल की छत अचानक गिरने से घर में सो रहे पांच लोग घायल हो गए। घायलों में मकान मालिक जाहिद (55 वर्ष), उनकी पत्नी शहीद (80 वर्ष (गंभीर रूप से घायल), शहनाज (40 वर्ष), जाबिर (22 वर्ष) और नजराना (20 वर्ष, गंभीर चोट) शामिल हैं। सभी को उपचार के लिए एमएमजी अस्पताल ले जाया गया।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर अरुण दीक्षित अस्पताल पहुंचे और घायलों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य का हाल जाना। उन्होंने भरोसा दिलाया कि प्रशासन द्वारा घायलों को हरसंभव सहायता दी जाएगी और उनके उपचार में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। घटना के बाद मौके पर अधिकारी और चिकित्सक मौजूद रहे और घायलों का इलाज कराया गया।



### जर्जर होते मकानों के लिए सावधानी बरतें

- समय-समय पर मकान और फ्लैट की छत व दीवारों की जांच कराएँ।
- कहीं पर सीलन, दरार या झड़ता प्लास्टर दिखे तो तुरंत मरम्मत कराएँ।
- पुराने मकानों में पानी की टंकी और अतिरिक्त भार छत पर रखने से बचें।
- बरसात के मौसम में छत और दीवारों की वाटरप्रूफिंग अवश्य कराएँ।
- खतरे की स्थिति में तुरंत स्थानीय प्रशासन को सूचना दें और मकान खाली करें।

# डीसीपी ग्रामीण ने सुनी लोगों की समस्याएं त्वरित समाधान के दिए निर्देश

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस आयुक्त गाजियाबाद के निर्देश पर मंगलवार को पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने अपने कार्यालय पर जनसुनवाई की। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएँ डीसीपी के सामने रखीं। डीसीपी तिवारी ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के दौरान फरियादियों में विशेष उत्साह देखा गया। लोगों ने सीधे डीसीपी को अपनी बात रखने पर संतोष जताया और उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान होगा।






# क्या अगले दस दिनों में होगी रवानगी

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जल्द ही कई स्तर पर बदलाव व फेस चेंज होंगे। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लंबे समय से तैनात अलग-अलग स्तर के पुलिस कर्मियों की टेंशन बढ़ सकती है। पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि मंगलवार को स्थापना वाले साहब ने एक आदेश जारी कर कमिश्नरेट के उन पुलिस कर्मियों को लेकर संज्ञान ले लिया है, जो लंबे समय से अंडर ट्रांसफर हैं लेकिन वह रवाना नहीं किए जा रहे हैं। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस मुख्यालय लखनऊ से जो आदेश जारी किया गया है उसमें कहा गया है कि स्थानांतरित कर्मियों को 10 दिन के अंदर कार्य मुक्त कर दिया जाए। कार्य मुक्त करने के बाद की सूचना मुख्यालय को भी भेजी जानी है। वहीं सत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में देहात से लेकर नदिया पार और सिटी के कई थानों, चौकी और मुख्य कार्यालयों में ऐसे पुलिसकर्मी तैनात हैं, जो यहां से अबतक चले जाने चाहिए थे लेकिन उनको रवाना नहीं किया गया है। उधर कुछ लोग आगरा भेजे गए, तो कुछ गौतमबुद्ध नगर और उनके साथी अभी कमिश्नरेट में ही जमे हुए बताएं जा रहे हैं। कुछ के द्वारा बीते दिनों अपनी सैलरी वाले मामले को लेकर रवानगी करवा ली गई थी लेकिन अभी भी बहुत सारे जमे हुए हैं। तो वहीं कई की टेंशन यह है कि वह अब इसलिए जाने से कतरा रहे हैं की अच्छी चौकी, थाने और स्थानों पर पोस्टिंग हो गई है और बचे वालों का क्या हाल होगा यह पुलिस विभाग वाले सब चेहरे भली भांति जानते ही हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि वैसे तो कमिश्नरेट वाले साहब रवानगी और अंडर ट्रांसफर के मामले में सबसे पहले एक्शन लेते हैं लेकिन कमिश्नरेट वाले सिस्टम में थोड़ा सा डिले बराबर वाले कमिश्नरेट की वजह से होने की जानकारी भी सूत्रों की ओर से मिल रही है। वैस अब कहा तो यह भी जा रहा है कि अब जब लखनऊ वाले मुख्यालय से ही वरिष्ठ अधिकारियों का आदेश आ गया है, तो इसका अमल भी अगले 10 दिनों के भीतर हो ही जाएगा। वहीं पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि अगले 10 दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के प्रमुख फेस, रिप्लेस किए जाएंगे। तो कई ऐसे चेहरे भी एडजस्ट होने हैं जो विकल्प नहीं होने के चलते दूसरी जगह सेट चल रहे थे। कुल मिलाकर अगले दस दिनों में बदलाव देखना होगा।




## भारी-भरकम दान-दहेज और दिखावे वाली शादियों से गुर्जर समाज की हो रही है किरकिरी

कर्मवीर नागर प्रमुख



# गुर्जर समाज के अग्रणी लोग और राजनीतिक सेलिब्रिटीज ऐसी शादियों में शामिल होने से परहेज करें

## आत्मप्रचार का माध्यम बन रही शादियां

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गुर्जर समाज में भारी-भरकम दान-दहेज और दिखावे वाली शादियों ने समाज के उस मध्यम वर्ग की कमर तोड़ कर रख दी है जिन्हें बच्चों की शादियों में मजबूरन दान दहेज देना पड़ रहा है। लेकिन दान दहेज के बढ़ते प्रचलन की असल सच्चाई यह भी है कि भारी भरकम दान दहेज और दिखावे वाली अधिकांश शादियां बहुत कम समय में ही टूटने के कगार पर भी पहुंच रही हैं। आए दिन हो रहे शादी विच्छेद के पंच फैसलों ने समाज के लोगों का एक अनावश्यक काम और बढ़ा दिया है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि शादी टूटने की संख्या का अधिकांश प्रतिशत गुर्जर समाज में ही देखने को मिल रहा है। इन्हीं कारणों से बेटियों के परिवारों की चिंताएं बढ़ना स्वाभाविक है। ग्रेटर नोएडा के सिरसा गांव में निक्की हत्याकांड के कारण जो भी रहे हों लेकिन इस प्रकरण ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।

जहां एक तरफ गुर्जर समाज के बहुत से लोग भारी भरकम दान दहेज और दिखावे वाली शादियों की प्रशंसा में कसीदे पढ़ते नजर आते हैं वहीं दूसरी तरफ अन्य जाति समाजों के लोग गुर्जर समाज में दान दहेज के बढ़ते प्रचलन की आलोचना करके मजाक उड़ाते नजर आते हैं। भले ही गुर्जर समाज में यह कुरीती तेजी से जोर पकड़ रही है लेकिन भारी भरकम दान दहेज के दिखावे वाली ऐसी शादियों से गुर्जर समाज की चौतरफा किरकिरी हो रही है। ऐसी शादियों का दिखावा करके समाज में सम्मान और प्रचार पाने की चाह रखने वाले नवधनाढ्यों ने गुर्जर समाज में इस सामाजिक कलंक को चरम पर पहुंचा दिया है। लेकिन सच्चाई यह है कि इस भयंकर बीमारी को जानते हुए भी लोग इस पर चर्चा करने से कन्नी काटते नजर आते हैं। ऐसे संगीन विषयों पर गुर्जर समाज के अग्रणीय लोगों की चुप्पी देखकर तो अब ऐसा लगने लगा है जैसे गुर्जर समाज को दशा दिशा देने वाला कोई नहीं है। लेकिन मेरा मानना है कि अगर गुर्जर समाज के अग्रणीय लोग और राजनीतिक सेलिब्रिटीज भारी भरकम दान दहेज और दिखावा करने वाली इन शादियों में शिरकत करना बंद कर दें तो ऐसी शादियों का ग्राफ काफी नीचे आ सकता है।

समाज के अग्रणीय लोगों को समाज के हित में आगे आकर यह कठोर कदम उठाना ही होगा अन्यथा समाज में बढ़ रही इस कुरीती के बढ़ावे का ठीकरा भावी पीढ़ियां एक न एक दिन उन्ही के सिर फोड़ेंगी।

**करंट क्राइम।** आजकल कुछ शॉर्टकट धनाढ्य बने कुछ लोगों ने शादियों में दिखावे को खुद के प्रचार करने का माध्यम बना लिया है। इसलिए इस कुप्रथा को बढ़ावा देने वाली भारी भरकम दान दहेज और दिखावे वाली शादियों के वीडियो वायरल करना भी समाज और सरकार द्वारा प्रतिबंधित किए जाने चाहिए और समाज के लिए कलंक साबित हो रही ऐसी कुप्रथा का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रचारित करने वालों की जिस दिन लोग आलोचना प्रारंभ कर देंगे तो समाज के लिए ऐसी कलंकित प्रथा पर निश्चित ही ब्रेक लगेगा।

यह वह सामाजिक कलंक है जिस पर चर्चा तो सभी करते हैं लेकिन पहल करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं जिसको सामाजिक बीमारी तो सभी मान रहे हैं लेकिन इलाज करने के लिए हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इसलिए ऐसी शादियों के कसीदे पढ़ने और चर्चा करने वालों को भी समाज हित में ऐसी चर्चाएं बंद करनी चाहिए। समाज के जागरूक और अग्रणीय लोगों को अपना अहम रोल अदा करना होगा तभी इसको प्रथा से निजात मिल सकेगी। क्योंकि भारी भरकम दान दहेज देकर प्रचार कुछ लोगों पर तो दान दहेज और दिखावे के प्रचार करने का इतना भूत सवार है कि यह लोग राजनीतिक सेलिब्रिटीज और समाज के अग्रणीय लोगों की शादियों में उपस्थिति के लिए एप्रोच लगाते देखे गए हैं। इसलिए समाज के अग्रणीय और जागरूक लोगों को संदेश देना चाहता हूं अगर आप गुर्जर समाज की दिशा दशा सुधारना चाहते हैं तो भारी भरकम दान दहेज वाली शादियों में शिरकत करना बंद करें।

जिस दिन समाज के अग्रणीय लोगों ने भारी भरकम दान दहेज और दिखावे वाली शादियों में जाना बंद कर दिया, लोगों ने ऐसी शादियों की प्रशंसा में कसीदे पढ़ने बंद कर दिए और वीडियो वायरल करनी बंद कर दी निश्चित तौर पर सुधार की संभावना उतनी ही बढ़ जाएगी। जो राजनीतिक सेलिब्रिटीज और समाज के अग्रणीय लोग इस बढ़ती हुई कुरीती और प्रचलन को वाकई बंद करने के पक्षधर हैं तो वह ऐसी शादियों में शिरकत न करने का प्रण करते हुए प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं सोशल मीडिया के जरिए प्राण लेने का अपना बयान जारी करें ताकि अन्य लोग आपका अनुकरण कर सकें। अन्यथा भावी पीढ़ी इस कुप्रथा की जिम्मेदारी का ठीकरा आज के जिम्मेदार लोगों के सिर फोड़ेगी।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर अनिल अग्रवाल राजनीतिक और सामाजिक रूप से पूरी तरह एक्टिव रहते हैं। खास बात यह है कि आज के डिजिटल युग में वह सोशल मीडिया पर भी छाए रहते हैं। गणपति पूजन में पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने अपनी भागीदारी निभाई। उन्होंने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# जब दैनिक करंट क्राइम ने पूछा लोगों से उनके मोहल्लों का हाल

## गाजियाबाद की जनता ने गड्ढे-सीवर-लाइट का दर्द दिया निकाल




### प्रमोद शर्मा

हमारे वार्ड-58 में हमारे शहर के माननीय विधायक संजीव शर्मा जी की निधि से ग्राम मवई के एक रास्तें का निर्माण किया जा रहा है जो कुएं वाले मंदिर से लेकर पाल मोहल्ले तक का रास्ता है जिसका उद्घाटन माननीय विधायक जी ने लगभग दो महीने पहले किया था उद्घाटन के अगले ही दिन बड़ी त्रिवता से पुरे रास्ते की पुरानी लगी सभी टाईलो को निकाल कर ले जाया गया है लेकिन अभी तक दो माह के पश्चात भी कोई काम नहीं किया गया है जिसकी वजह से बारिश होने के कारण पुरे रास्ते में गंदगी बनी हुई है एवं रास्ते में कीचड़ होने की वजह से बच्चे एवं बुजुर्ग को कई बार गिरने के कारण चोट भी लग गयी है इस विषय पर मैने स्वयं भी आदरणीय विधायक जी से बात की थी जिसमें विधायक जी ने जल्द से जल्द बनाने का आश्वासन दिया था मेरा करंट क्राइम न्यूज पेपर के माध्यम से माननीय विधायक जी से अनुरोध है कि जल्द से जल्द इस रास्ते को बनवाने का कष्ट करें धन्यवाद।

### संजीव कौशिक

वार्ड 30 सदरपुर गोविंदपुरम एनडीआरएफ से सदरपुर वाया बालाजी एनक्लेव वाला रास्ता पिछले 5-7 साल से टूटा पड़ा है एनडीआरएफ से रईसपुर पता नहीं लगता सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढे में सड़क करपुरीपुरम से गोविंदपुरम सीएनजी पंप गड्ढे भरने थे लेकिन नहीं भरे गए गोविंदपुरम बस अड्डे के पास पेट्रोल पंप के सामने 2 महीने से एक रास्ता पानी भरने के कारण बंद है नगर निगम में शिकायत करते हैं वह आते हैं पानी निकाल देते हैं बारिश में फिर भर जाता है टू व्हीलर भी नहीं निकल सकता काशीराम मधुबन बापूधाम से शमशान घाट होकर सदरपुर जाने वाला रास्ता पैदल भी निकलना मुश्किल है लेकिन कोई सुनवाई नहीं पार्षद मेयर सांसद विधायक सरकार उसके बाद भी इतना बुरा हाल है निकम्मी सरकार बेशर्म प्रशासन और जनप्रतिनिधि भी ऐसे ही है।

### गौरव बंसल

वार्ड 18 गुलमोहर एनक्लेव सोसायटी राकेश मार्ग में पानी बहुत गंदा आता हे पानी का टी डी एस 700 से भी ज्यादा हे,पार्षद विनिल दत्त को फोन करते हे तो या तो वह फोन ही नहीं उठाता है अगर फोन उठाता है तो कहता है मेरे को फोन मत करो , नगर निगम में शिकायत करो।

### राजेश शर्मा

भाटी जी वार्ड 62 हरसाँव गोविन्दपुरम की प्रमुख समस्या है वार्ड के गांव हरसाँव का श्मशान भुमि जिसे पुर्व मेयर साहिबा नगर निगम के तहत सीज करा चुकी है यही हरसाँव गाँव का दुर्भाग्य है।

### राजीव शर्मा

राजीव शर्मा वार्ड 62 गोविंदपुरम मुख्य सड़कें टूटी हुई पानी की निकासी नहीं है जल भराव चारों तरफ मुख्य मार्ग पर कचरा है जी ब्लॉक चौराहे पर ट्रैफिक की समस्या कोई सुनने वाला नहीं समस्या ही समस्या है भाटी जी आपसे रिक्वेस्ट है गोविंदपुरम की समस्याओं को प्रशासन को पूर्णता अवगत करे।

### मौ. युनूस कुरैशी

वार्ड नंबर 95...पानी की बहुत ही ज्यादा समस्या है। गंदे पानी की सप्लाई होती है। पानी की इतनी ज्यादा समस्या है कि आप उसे इस्तेमाल नहीं कर सकते। हर वक्त बदबूदार पानी आता है जो ना पीने योग्य है और ना ही इस्तेमाल योग्य। कालू कुरैशी मार्केट से लेकर मुस्लिम फंड तक सीवर का पानी हर समय भरा रहता है। जरा सी बारिश से ही हालत दयनीय हो जाती है। हमारे वार्ड 95 की जनता के साथ नगर निगम सौतेला व्यवहार करता है। अधिकारी न जनता की सुनते हैं ना ही पार्षद की। आपके सामान्य समाचार पत्र के माध्यम से हम नगर निगम के अधिकारियों से अपील करते हैं कि वह हमे इस समस्या से निजात दिलाये।

### ललित सिघनीहोत्रि

वार्ड नंबर 19 पटेल मार्ग क्षेत्र में काम नहीं चल रहा किसी भी तरह का हम नहीं तो पार्षद की कमी बता रहे और नहीं हम अधिकारियों की कमी बता रहे हैं हम तो समय की विडंबना की कमी बता रहे हैं।

### वीसू परासर

वार्ड 50 में इतनी समस्या है की कम्प्लेन भी करी थी अक्टूबर मे जन सुनवाई स्त्रस पर भी अभी तक सही नहीं हुई है पुलिया।

### रंजना अग्रवाल

वार्ड 76 में जल भराव नालियों के बंद होने से बारिश के समय 10 मिनट के अंदर गली में अत्यधिक पानी भर जाता है दूसरे अतिक्रमण की समस्या जिसकी वजह से रोज झगडे होते है।

### विक्रांत

पूरे जिले में अधिकतर पार्षद भाजपा के है , मेयर भाजपा की है , सभी विधायक भाजपा के है , सांसद भाजपा के है , मंत्री भाजपा से है , मुख्यमंत्री भाजपा के है, और प्रधानमंत्री भी भाजपा के है .. इतने इंजन होने के बाबजूद आप अपने इस पोस्ट के कमेंट में देखेंगे तो सबसे ज्यादा भाजपा वाले ही समस्या बताने वालो में मिलेंगे और इनका कहना है की कोई सुनवाई नहीं हो रही, आम जनता ये जानना चाहती है सुनवाई किसकी होगी और कब, काश जिले में विपक्ष जागरूक होता तो जनप्रतिनिधियों के उपर दबाब बनाकर सभी विकास के कार्य करवाये जा सकते थे लेकिन सत्ता पक्ष को भी पता है आवाज उठाने वाला कोई नहीं है।

### पूजा मल्होत्रा

वार्ड 49 चौक नाले नाली जिसके कारण बरसात में घरों में पानी भर जाता है और टूटी गलियां जो बनवाने के नाम पर महीनों पहले उखाड़ दी।

### रविंद्र चौधरी

वार्ड 96 में सबसे पॉश एरिया सेकंड ए नेहरू नगर सबसे बड़ी समस्या पानी की इस समस्या की वजह से नेहरू नगर की जनता को अपना पार्षद बदलना पड़ा सड़क टूटी पड़ी है सफाई मनमर्जी की है जल भराव की भी समस्या है पार्कों का भी बुरा हाल है बरसात के मौसम में नाला बनाया जा रहा है जिसकी वजह से सुबह 9 :00 बजे से शाम 8 :00 बजे तक जाम लगा रहता है।

### प्रमोद गुप्ता

वार्ड न 12 रमते राम रोड पर 20 सालों से सड़कों पर पानी भर जाता है। नए नाले बने पर नगर निगम को कोई कामयाबी नहीं मिली इस बार तो हम व्यापारियों की दुकानों और बेसमेंटों में पानी छ फुट तक आ गया था बहुत ही ज्यादा गंदगी और नुकसान हुआ है।और आज भी सड़को पर नाली जाम होने से पानी भरा हुआ है।पुराने शहर के चारों गेटों के अंदर 25 सालों से पानी की निकासी का कोई हल नहीं निकल सका हैं। नगर निगम के सभी दावे हर साल खोखले साबित होते रहे हैं।

### रुचि शर्मा

वार्ड 73 शालीमार गार्डन - सीवर की समस्या, सड़क व नाली की समस्या, पार्क में गंदगी, कॉलोनी में जल भराव की समस्या।

### अकशीता मुकेश त्यागी

वार्ड-46, हमारे वार्ड कि सबसे बड़ी समस्या है की हमारे पार्षद ही नहीं मिल पा रहे हैं। वार्ड कि जनता अपनी कोई भी समस्या कहाँ लेकर जाए, किसे बोले जब पार्षद ही उपलब्ध नहीं होंगे। तो उन्हें ढूंढना ही हमारे वार्ड कि सबसे बड़ी समस्या है।

### अमित कुमार

देश की बात करिए जो हो रहा बेटियां जलाई जा रही हैं।

### सोनू भाटी

वार्ड नंबर 73 का सबसे बड़ा मुद्दा है गणेशपुरी के नाले का 4 :30 करोड रुपए का बजट पास हुआ था अभी तक वह नाला बना नहीं है और वार्ड नंबर 73 के अधिकतर नाले ब्लॉक पड़े हैं कई बार नगर निगम के अधिकारी को बोल मगर अभी तक नगर निगम के अधिकारियों के कान पर कोई जू नहीं रेंग क्यों रही।

### हासी मलिक

हिंदो विहार बहुत बुरा हाल है पानी भर जाता है बारिश एम निगम पार्षद कुछ काम नई करता वहा पी रोड की हालत बहुत खराब है।

### आसिफ सैफी

वार्ड नंबर 17 हिन्डन विहार सेवानगर समस्या अनेक हैं। फिलहाल सबसे बड़ी समस्या गार्बेज फैक्ट्री है जिसकी वजह से लोग परेशान है बिमारियों से जूझ रहे हैं पर कोई सुनवाई नहीं।

### चौधरी उदयवीर सिंह

वार्ड 37 में 180 फुट का रोड 20 फुट का हो गया और नाली की समस्या बहुत है।

### मनोज पंडित

46 खंबों की लाइट और पानी की निकासी हमेशा समस्या बनी रहती है और कभी भी कोई भी दुर्घटना घटने के आसार रहते हैं रात के समय में कोई बुजुर्ग घर से बाहर इधर-उधर नहीं जा सकता।

### मुरारी साहू

खोड़ा नगर पालिका में कुल 34 वार्ड है और सभी वार्डों में पानी की बहुत बड़ी समस्या है यहां हम सब बोरिंग के पानी पर निर्भर है जमीन में वाटर लेवल बहुत नीचे चला गया है बोरिंग 500-600 फीट तक करनी पड़ती है जिसका खर्चा 5-6 लख रुपए आता है खोड़ा से कितने लोग अपने जमीन बेचकर पलायन कर चुके हैं और जो रह रहे हैं वह जमीन से मिट्टी वाले पानी का उपयोग कर रहे हैं जिससे बीमारियां हो रही है। पूरे भारत में मोदी जी हर घर नल योजना,अमृत भारत योजना चला रहे हैं लेकिन खोड़ा कॉलोनी में कोई योजना नहीं आ रही। हमारे यहां के नेता बताते हैं 1 साल पहले गंगाजल के लिए 183 करोड रुपए पास कर दिए हैं। लेकिन जल निगम के अधिकारी पानी नहीं दे रहे हैं अब कितना सच है कितना झूठ है यह तो नेताजी ही बताएंगे।

### प्रवीण बत्रा

हमारे वार्ड 96 में जब भी कोई दिक्कत आती है। हमारे पार्षद महोदय अजीत निगम एक फोन पर उपलब्ध हो जाते हैं। ओर उस समस्या का निदान जल्द से जल्द कराते है। बस एक समस्या रह गई है की जबसे राकेश मार्ग की मेन रोड की सड़क बनी है तब से हमारा नेहरू एनक्लेव थर्ड के ब्लॉक मदन स्वीट एंड रेस्टोरेंट वाली गली नीचे हो गई है। उस समस्या का समाधान हो जाए बस यही एक समस्या है। मुझे उम्मीद है पार्षद महोदय अजीत निगम जी इस समस्या से जल्दी ही निजात दिलवाएंगे।

### अजय कुमार

वार्ड 28 में राजीव कॉलोनी चारों तरफ की सड़क इतनी खराब है कि बच्चों को स्कूल जाने में भी दिक्कत बहुत है अंदर की गलियां में बहुत पानी भर जाता है पानी का निकास नहीं है बरसात में और सप्लाई का पानी तो काफी समय से आई नहीं रहा यहां पर जनता राजीव कॉलोनी की बहुत ज्यादा परेशान है सड़के इतनी खराब है की निकालना बहुत ही मुश्किल हो रहा है पानी का निकास नहीं है 10 मिनट की बारिश में इस तरीके से पानी भरता है जैसे हिंडन नदी यहीं पर आ गई हो राजीव कॉलोनी में लाइट के लिए खंभे लगे अभी तक यूनो पर लाइट ही नहीं लगी ऐसे मानो जरा 100 पीस के लिए ही खड़े हैं वह सीवर लाइन बिछी सिविल लाइन का भी अभी तक 50% काम नहीं हुआ।

### प्रेमकांत चौधरी

वार्ड 61 वसुंधरा सेक्टर 2। 10 मिनट बारीश होते ही पानी जमा हो जाता है। और स्थानीय पार्षद को कोई मतलब नहीं है। सोशल मिडिया के माध्यम से जानकारी भी दे चूका हू लेकिन कोई काम नहीं हुआ है।

### डब्बी प्रमुख

वार्ड 10 पप्पू कॉलोनी - सीवर की समस्या बड़ी समस्या है सीवर ओवर फॉलो हो रहे है जिससे बड़ी दिक्कत होती है।

### विकास माथुर

वार्ड नं 64 गरिमा गार्डन में नाली खरंजे की बहुत समस्या है नाली का पानी हमेशा गली में भरा रहता है खाली प्लाटों को कुंडा घर बना रखा है खम्भे तो है पर खम्भे पर लाइट नहीं है किसी खम्भे पर लाइट है तो बो काफी समय से बन्द है काफी एप्लिकेशन लगाने के बाबजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही।

### विपिन कुमार गोयल

वार्ड 69 सड़क की बहुत बड़ी समस्या है बारिश में पानी भर जाता है सारी नालियां बंद है, बारिश का पानी नाली बंद होने की वजह से गाड़ियों में भर जाता है घर के अंदर भर जाता है। पार्किंग की समस्या, पार्क बिल्कुल जंगल जैसा हो रहा है पेड़ बड़े-बड़े हो रहे हैं जिसकी वजह से पुरी कॉलोनी में अंधेरा रहता है। कॉलोनी के अंदर लाइट कम है।

### अमित कल्याणी प्रजापति

वार्ड 20 का बुरा हाल है पार्षद पूरी ताकत भी लगा रहे है पर क्या करें, नगर निगम का तो आप सभी जानते है ,सीवर का काम साल से ज्यादा हो गया पर अभी खत्म नहीं हुआ 1 दिन के काम में 1 माह लगा रहे है सभी रोड पर कीचड़ ही कीचड़ है रोड ओर टाइल का पता ही नहीं कहा है।

### सुजीत गिरि

वार्ड 28 राजीव कॉलोनी मोहन नगर में खिलाड़ी कंपनी सीहोर वालों ने रोड के चारों तरफ रोड काटकर शिविर लाइन बिछाया गया अभी तक उनका पुन: निर्माण नहीं करवाया गया जिसके कारण बस बरसात में कीचड़ जल भराव और धूप होने पर धूल से भरा रहता है कोई सुनवाई नहीं हो रहा जनता बहुत परेशान है। वार्ड का कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रहा है।

### अमित कुमार

दीपक भैया नमस्कार भैया की समस्या बताने से क्या होगा यदि समाधान निकाले तो बताने का भी मजा है आप तो जानते ही हैं ब्रिज विहार वार्डेसर की मुख्य समस्या वहां का मुख्य नाला है जो हर साल बरसात में ओवरफ्लो हो जाता है और उसका गंदा काला पानी लोगों को घरों में आता है जिससे की बहुत से सामान का नुकसान हर साल हो रहा है उसका नजात ना तो कोई कर पाया और ना आगे किसी से उम्मीद है।

### काशान मलिक

वार्ड 82 में बंगाली होटल से लेकर मंसूरी चौक तक और मंसूरी चौक से लेकर सीमापुरी दिल्ली बॉर्डर तक का रोड पता नहीं कब से नहीं बना इतना व्यस्त रोड है रोजाना हजारों हजार लोगों का निकलना होता है और रोड की अगर हालात देख ली तो अफसोस करोगी कि यह मार्ग दिल्ली अप को जोड़ता है और मुख्य मार्ग है।

### पंचम चौधरी

वार्ड नंबर 40 साहिबाबाद गांव पूरे वार्ड का बुरा हाल है। पूरे क्षेत्र में जलभराव जगह जगह पर कूड़ा पूरे वार्ड का नर्क बना हुआ है।

### गगन सिंह अरोड़ा

वार्ड 9 पटेल नगर 2। दिल्ली मेट्रो का सबसे आखिरी स्टेशन शहीद स्थल है और ऐसे में ऑटो ई रिक्शा ने होटल पेलिकन के साथ छब्बील दास रोड जहाँ से शुरू होती है वहाँ अपना अड्डा बना लिया है पटेल नगर में ऑटो का आवागमन बहुत ज्यादा हो गया है ऑटो को नंदग्राम जाना हो तो मैं रोड की बजह यह कॉलोनियों से निकल कर जाते है, और एक यहाँ लगने वाला सोम बाजार( सब्जी मंडी )लोगों के घरों के आगे लगता है पूरी रोड पर कब्जा कर लेते है।

### अमन यादव

आदरणीय दीपक भैया आप मोहाले की बात कर रहे है गाजियाबाद में तो हर गली में समस्या है कहीं आवारा कुत्तो ने किसी बच्चे को काट लिया किसी गली में बंदर ने काट लिया किसी गली में लाइट नहीं आरही हैं किसी गली में छोटी बची के साथ रेप हो गया किसी गली की सड़क बनी नहीं है। और भी बहुत सारी चीजे हैं।

### विक्रांत पंडित

वार्ड 11 सब और रास्ते खराब सरकारी भूमि पर कई जगह कब्जा कहीं बैंकट तो कहीं बाउंड्री निर्माण बस ये सबसे बड़ी समस्या है।

### धर्मेन्द्र चौधरी

वार्ड 02 राहुल विहार प्रथम में सभी गालियों को जोड़ते हुए नाला जा रहा है जो कि वार्ड न 35 ग्राम अकबरपुर बहरामपुर से होकर हिंडन नदी में कनेक्ट हो रहा है जब भी बारिश होती है घरों व मार्केट में पानी भर जाता है और हर बारिश में कई लाख का निर्दोष लोगों का नुकसान हो जाता है वार्ड के सुपरवाइजर को पार्षद मना करती है कि राहुल विहार प्रथम में काम नहीं करना है वहां के लोगों ने वोट नहीं दी, नाला सफाई के लिए काफी बार प्रयास कर लिया लेकिन नाले की सफाई नहीं हुई है वार्ड में कर्मचारी भी नहीं आते है राहुल विहार प्रथम में सारे में पूर्ण रूप से गन्दगी फैली हुई हैं।

### गब्बर सिंह

गांव बसंतपुर सैतली में मुख्य मार्ग पर जलभराव, निकासी व क्षति ग्रस्त, पथ प्रकाश की सुविधा भी नहीं है जिससे नौकरीपेशा, छात्रों व आमजन को असुविधा होती है।

### साहिल कपूर

वार्ड 73 हमारी तरफ से माननीय पार्षद श्री राजीव भाटी जी बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। एक फोन पर बी ब्लॉक शालीमार गार्डन का कार्य हो रहा है।

### चंद्रभूषण श्रीवास्तव

वार्ड 10 डी एल एफ कॉलोनी - सीवर की समस्या, सड़क व नाली की समस्या, पार्क में गंदगी, कॉलोनी में जल भराव की समस्या।

### तनुज गंभीर

वार्ड 59 चंद्रपुरी में मेरा प्रतिष्ठान है। जहां पर नगर निगम द्वारा बेतहाशा दुकानों का किराया बढ़ाया जा रहा है। जिसको लेकर व्यापारियों की नींद उड़ी हुई है। कोई निगम अधिकारी सुन नहीं रहा।

### योगेश त्यागी

वार्ड 50 की सबसे बड़ी समस्या टूटी सड़कें व सड़कों में बड़े बड़े गड्ढे ओर उनसे लगने वाला जमा बहुत बड़ी समस्या है ओर सड़कों के किनारे फैला हुआ कचरा जिससे लोग को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### डॉ. राजीव त्यागी 'राज'

वार्ड नंबर -62 गोविंदपुरम पार्षद बीजेपी- अंजू डबास/ अमित डबास। पूरे गोविंदपुरम में गंदगी एवं मेंनरोड को छोड़कर सभी सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। गाजियाबाद नगर निगम गोविंदपुरम जोन होने पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है वार्ड 62 राम भरोसे है मेंनरोड पर अंधेरा रहता है आप भी खुद जाकर चेक कर सकते हैं

### वीशु

वार्ड 73 शालीमार गार्डन - सीवर की समस्या, सड़क व नाली की समस्या, पार्क में गंदगी, कॉलोनी में जल भराव की समस्या।

### महीपाल सिंह रावत

वार्ड-46, वसंत कुंज फ्री होल्ड में उचित जल-निकासी नहीं होनी की वजह से कालोनी की स्थिति अत्यंत दयनीय हो चुकी है। यहाँ पर जल-निकासी की उचित व्यवस्था ठीक से ना होने के कारण चारों ओर पानी जमा रहता है, जिससे आमजन का जीवन नारकीय बन गया है। सड़कों पर जगह-जगह गड्ढे हैं तथा सीसी मार्ग भी टूटा-फूटा और जलभराव से क्षतिग्रस्त है। जल निकासी न होने से क्षेत्र में गंदगी, बदबू, मच्छर एवं मक्खियों का प्रकोप बहुत बढ़ गया है। यही नहीं नगर निगम की गाड़ियाँ बाहर से कूड़ा-कचरा लाकर यहाँ खाली पड़े प्लोटों में डंप करते हैं, जिससे स्थिति और भी बदतर हो गई है। माननीय पार्षद एवं नगर निगम द्वारा अब तक इन सभी समस्या पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है। और इस पूरे क्षेत्र को अनदेखा किया जा रहा है।

### पंकज शर्मा

वार्ड 9 ... बड़े नाले हल्की सी बरसातों मैं उफनते रहते है.... छोटे नाले लगभग बंद हो चुके है....50 साल से पुरानी कॉलोनी मैं नयी सीवर लाइन/ओवर फ्लो रोकने के लिय नया नाला निर्माण/नए पीने की पाइप लाइन की आवश्यकता है। छबील दास स्कूल के बाहर रोड जाम की स्तिथि बनी रहती है... स्कूल प्रशासन केवल अपना हित देख रहा है रेजिडेंट्स की परेशानी से उन्हें कोई मतलब नहीं। ये ही स्तिथि सोमवार को लगने वाले बाजार की है सबको अपना हित देखना है रेजिडेंट्स का नहीं। मेट्रो के कारण कॉलोनी से एंट्री और बाहर जाने का रास्ता पर ऑटो ई रिक्शा का कब्जा है.... सही मायने मैं उनके हित के लिय है... रेसीडेंट के लोग बस कुढ़ते रहने के सिवा कुछ नहीं कर पाते ....कहने को बहुत कुछ है.... पर गाजियाबाद नगर निगम इतने को ही सम्भाल ले तो किस्मत खुल जाए।

### अजीत गौतम

हमारे वार्ड नंबर 12 में किसी चीज की कमी नहीं है। वार्ड में घूमे तो स्विट्जरलैंड जैसा महसूस होता है। रमते राम और बालूपुरा ऐसा लगता है समुद्र के टापू पर आ गए जरा सी बारिश होती है विकास की सारी गंगा यही आ जाती है बाकी सब कुछ ठीक है।

### अरुण भडाना

वार्ड नंबर 06 के साई एनक्लेव में 2 फिट पानी भर जाता है बच्चों को स्कूल और बुजुर्गों का बाहर निकलने में बहुत परेशानी है मेन गेट से सुन्दर प्रधान जी और अंकित पुलिस वाले के यहां तक रस्ते की बुरी हालत है।

### राहुल परिहार

वार्ड 41 औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 कूड़ा ना उठाने पर और नाले की सफाई के बाद गंदगी ना उठाने पर और मैन रोड की सड़क टूटने पर।

### आसिफ इकबाल

मेरा वार्ड नंबर 50 सिहनी गांव नूर नगर हमारे यहां इतनी गालियां टूटी फूटी है की थोड़ी सी बारिश हो जाए तो पूरा पानी भर जाता है और हमारे वार्ड 50 में 10 12 स्कूल है छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने जाते हैं और उन्हें आने-जाने में दिक्कत होती है। जिसमें हमारे पार्षद कांग्रेस के ही हैं सुमन लता पाल हैं लेकिन सुनवाई किसी तरह की भी नहीं हो रही।

### संजय त्यागी

वार्ड नंबर 30 ए ब्लॉक के सामने एक छोटा नाला निकाल कर बस अड्डे चौराहे तक आ रहा है जो पिछले 20 साल से बंद पड़ा है जिसके कारण जल भराव हो जाता है पूर्व पार्षद ने आपसी दुर्वेश के कारण मकान के सामने इंटरलॉकिंग नहीं करवाई वह समस्त ब्लॉक में इंटरलॉकिंग कराई थी अब बरसात के दिनों में जल भरा वी रहता है निकलना भी मुश्किल होता है।

### दिलीप सक्सेना

दीपक भाई सबसे बड़ी समस्या शास्त्री नगर वार्ड 47 में बिजली की है लोगों के घरों में स्मार्ट मीटर लगाने के बाद इतना परेशान हो रहे हैं कोई सुनने वाला नहीं है मैंने कंप्लेंट की है सारे पेपर मेरे पास हैं लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं की है, और अतिक्रमण तो चरम सीमा पर है।

### अमित राष्ट्रवादी

वार्ड में नाली शिवर पानी सड़क इन सभी समस्या से भी ज्यादा सबसे बड़ी समस्या हमारे वार्ड मै बहार की महिलाए देह व्यापार चला रही है वो उनको किस का संरक्षण मिल रहा है ये पता नहीं है पुलिस से लिखत मै शिकायत करने पर भी उन महिलाओ को कोई डर नहीं है वो सभी महिला नवयुग मार्किट डाक खाने के पास खडी होती है। इस गंदगी को कैसे साफ किया जाएं।

### गौरव श्रीवास्तव

वार्ड 10 डी एल एफ कॉलोनी के मुख्य मार्ग भोपुरा चौक से लेकर भगत सिंह चौक तक सड़कें टूटी पड़ी है कई बार बोलने के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई है अधिकतम ब्लॉकों में फीवर की समस्या से वहां के नागरिक जूझ रहे हैं, पार्षद जी को काफी बार बोलने के बाद भी समस्या का निष्कर्ष नहीं निकल सका है गाजियाबाद का सबसे गंदा वार्ड वार्ड 10 होता जा रहा है। कॉलोनी के सबसे अच्छी सोसायटी गोकुलधाम हुआ करती थी जो कि आज सबसे बुरी स्थिति में नजर आती है सीवर का बहता हुआ पानी बरसात के समय लोगों में घरों में घुस जाता है इतनी बुरी हालत हो चुके हैं लोग सूचना पड़ता है कि रहे की छोड़कर चले जाए।

### वरुण ठाकुर

वार्ड 26 गली नं. 5 में आधी नाली और गली बन चुकी है जबकि आधी गली जो पीछे का हिस्सा है। वहां ना तो नाली बनी है ना गली ये कैसे काम हो रहा है। आधी गली तो बढ़िया से बना दी गई है और आधी गली का काम ही शुरू नहीं हुआ जबकि आगे की सारी गालियां बन चुकी है।

### नीतू सिंह

वार्ड 50 राज नगर एक्सटेंशन हमारे यहां पर सारी सड़कें टूटी हुई हैं रोज एक्सीडेंट होते हैं सड़क टूटने के कारण काफी लोगों को चोट लग चुकी है दूसरा हमारी सोसाइटी में जो पीने का पानी है वह सही नहीं है अगर नगर निगम में भी शिकायत करते हैं या से ऑफिस शिकायत करते हैं उसे पर कोई भी कार्रवाई नहीं होती है और हमारे यहां के नाले सफाई नहीं हो रहे हैं सफाई कर्मी भी सफाई नहीं करते हैं।

### सोनू खान

वार्ड 27 में गांव के मैन रास्ते पर शिव मंदिर के सामने एक गंदगी से भरा तालाब है। जिसके सोंदर्यकर्ण की बात मंत्री विधायक रहते हुए और अब सांसद रहते हुए अतुल गर्ग जी कितनी बार कर चुके हैं। देश के रक्षा मंत्री जी के पुत्र नीरज सिंह जी की उपस्थिति में मोजूदा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल जी भी कर चुके हैं। पूर्व में महानगर अध्यक्ष व वर्तमान विधायक संजीव शर्मा जी भी प्रभारी मंत्री असीम अरुण जी की उपस्थिति में वादा कर चुके हैं। पूर्व महापौर आशा शर्मा से लेकर वर्तमान महापौर सुनीता दयाल जी को भी अवगत करा चुके हैं। लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ। और आज सबसे ईमानदार दमदार और लोगों की समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाने वाले समाचार पत्र करंट क्राइम के निर्भीक सम्पादक भाई दीपक भाटी जी को भी अवगत करा रहे हैं। क्या पता काम हो ही जाए।

### एडवोकेट जगमोहन शर्मा

राजनगर एक्सटेंशन से राधा गोविंद चौक से पांच नंबर भट्टा रोड को जोड़ने वाली सड़क शर्मा चौक तक पूरी तरह टूटी हुई है जिसमें पैदल निकलना भी दूर्भर है।

### आस मोहम्मद मलिक

लोनी के सभी वार्ड की एक समस्या है जल निकासी, जिस कारण हर 5 से 7 साल मे रोड बनाने पड़ते हैं एक एक रोड 3 से 4 बार बन चुका है गरीब लोगों के मकान का भी तोड़कर बनाना पड़ता है जिससे गरीब लोगों की कमाई स्वाहा हो रही हैं।

### संजय सक्सेना

दीपक भाटी जी, हमारे वार्ड 74 में पार्षद नरेश भाटी जी हर घर जाकर स्वयं समस्याओं का निदान करने का प्रयास करते हैं, मगर फिर भी सेक्टर 15 में यशोदा अस्पताल ने आसपास कॉलोनी वासियों के लिए कार और बाईक पार्किंग की समस्या बना रखी है वह अपनी बेसमेंट पार्किंग में लेब चला रहे, और गाड़ियां सडक पर खड़ी करते है। कॉलोनी गेट के आगे कार पार्क करते है।

### सोनू कुमार कश्यप

भाई साहब वार्ड 35 में तो कोई पार्षद ही नहीं रहा अभी पार्षद की वजह से बहुत बुरा हाल चल रहा है। थोड़ी सी बारिश होती है छोटे बच्चे बड़े बुढो के लिए बहुत आफत आ जाती है अगर किसी की तबीयत खराब हो जाए तो यह मान लो आधा घंटा लग जाता निकालने निकालने में वार्ड 35 सोनू कुमार कश्यप।

### रोहित शर्मा

मोहन नगर से साहिबाबाद रेलवे स्टेशन तक रोड बुरी तरह टूटी हुए हैं जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### जॉनी जीनवाल

वार्ड नंबर 17 में गली नंबर 10 वाल्मीकि बस्ती गली नंबर 7 गली नंबर 6 गली नंबर 8 गली नंबर 9 में पानी की बहुत ज्यादा समस्या है एक 10 एचपी का पंप और लगना चाहिए लोगों की समस्या बहुत है और एक समस्या सीवर की गाड़ियां जो कंपनी द्वारा ठेके में दिए गए हैं वह भारी वाहन है और जबरन कुछ ड्राइवर वार्ड नंबर 17 में सीवर की गाड़ियों को जबरदस्ती खड़ी करते हैं जिनसे पुलिया टूट गई कंपनी द्वारा रखे गए ड्राइवर सीवर के प्रेम त्यागी जी के प्लाट में जबरदस्ती गाड़ी खड़ी करते हैं कई बार पुलिया बनवा दी गई और वह गाड़ी वाले नहीं मानते।

### हारूण चौधरी

वार्ड नंबर 17 मैं समस्याओं का अंबार लगा हुआ है यहां पर पहली समस्या गार्बेज फैक्ट्री है जहां पर कूड़ा डंप किया जाता है आबादी के बीच में बन गई गार्बेज फैक्ट्री में कितनी दुर्गंध आती है कि सांस लेना भी दू भर हो जाता है इसी के कारण जो यहां पर नगर निगम की डंपर और कूड़े वाली गाड़ी ट्रॉली जिन रास्तों से गुजरती हैं उन रास्तों को पूरी तरह नष्ट कर दिया है एक भी रास्ता सही नहीं है पूरी तरह क्षतिग्रस्त है इसकी शिकायत हमने नगर निगम में डीएम गाजियाबाद से भी की लेकिन इसका कोई अभी तक समाधान नहीं निकला है स्ट्रीट लाइट ज्यादातर बंद रहती हैं।

### एडवोकेट नीलकमल गौतम

वार्ड नं. 55 विजय नगर इ ब्लॉक मैं पीने के पानी की समस्या बनी हुई है यहां तक कि नहाते समय भी कभी कभी पानी मै बदबू आने लगती है नगर निगम मै शिकायत करने पर अधिकारियों द्वारा गोल मोल रिपोर्ट लगा कर निस्तारण कर देते है परंतु समाधान नहीं होता। जिस प्रकार घर घर वाटर प्लांट लगाए जा रहे है और पानी पैसे में सप्लाई हो रहा है।

### अजय चोपड़ा

हमारे वार्ड 9 पटेल नगर सेकंड की सबसे मुख्य समस्या जल भराव की हीं है हालांकि माननीय शहर विधायक संजीव शर्मा जी ने 30 जुलाई की मध्य रात्रि मे हुई बारिश के बाद तुरंत निगम अधिकारियों से बात कर पटेल नगर सेकंड में नाले की दीवार का काम शुरू करवा दिया था। दीवार बनने के बाद कुछ हद तक जल भराव की समस्या में कमी आई लेकिन नाला ओवरफ्लो हो जाता है।

# जब दैनिक करंट क्राइम ने पूछा लोगों से उनके मोहल्लों का हाल

## गाजियाबाद की जनता ने गड्ढे-सीवर-लाइट का दर्द दिया निकाल





**सीए अंकित शर्मा**

वार्ड 58 : शिव पूरी, ए ब्लॉक, मवई। 1. जल भराव की समस्या : इस समस्या के लिए अभी के सांसद और पूर्व में हमारे विधायक श्री अतुल गर्ग जी ने चुनाव के दौरान कई बार आश्वासन दिए परंतु जीत के बाद भी कुछ नहीं हुआ। 4-5 फुट तक घरों में पानी भर जाता है परंतु निगम के साथ साथ विधायक जी और सांसद जी सब चुप हैं। 2. घरों में चल रही अवैध डेरी : घरों में पशु पालन होना और फिर उनके गोबर को गली के नाले नालियों में बहा देना जिसके नाले नालियों का ओवरफ्लो होके बहना। 3. रिहायशी इलाके में देशी और अंग्रेजी शराब के ठेके जो की बिल्कुल नेशनल हाईवे पे हैं, शराब पीके बॉटल वहीं नाले में फेक देना। और भी अधिक समस्या हैं परंतु पार्टी के विरुद्ध नहीं बोल सकते।


**विकास त्यागी काकड़ा**

मुरादनगर नगर पालिका परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 1 के अंदर आने वाले असालातनगर गांव के मुख्य मार्ग की बहुत बुरी हालत है। पिछले 3 महीने से ठीक है द्वारा के द्वारा नालिया बनाकर छोड़ दी गई है वह मिट्टी डालकर छोड़ दी गई है पिछले 3 महीने से वहां पर कीचड़ ही, पता नहीं कब समस्या का समाधान होगा। अधिकारियों को यदि कहा जाता है तो वह गोल-गोल जवाब देते हैं जनता की सुनने वाला कोई नहीं। वार्ड नंबर 1 के अंतर्गत आने वाली कॉलोनी का ढाई साल के अंदर भी कोई विकास नहीं हुआ।


**राजा चरण**

वार्ड नंबर 10 की 25 सालों की समस्या कोई भी पार्षद इस समस्या का समाधान नहीं निकाल पाए हैं। वार्ड नंबर 10 पप्पू कॉलोनी के श्मशान घाट की बाउंड्री वॉल इस समस्या को लेकर कई बार पार्षद चुनाव के समय इस समस्या को लेकर जनता के बीच में जाकर वक्त के रूप में समस्या का समाधान और झूठे आसमान देकर कई बार पार्षद बन चुके हैं।


**रामिज राजा**

वार्ड संख्या 95 में पानी की पिछले 8 माह से बहुत अधिक समस्या हो रहीं जिसको लेकर माननीय पार्षद नगर निगम के अधिकारीयों कों लगातार अवगत करते आ रहें है जिसके बाद भी निगम के आला अधिकारी सुध नहीं ले रहें आम जनता परेशान है जल कर भवन कर सीवर कर कों अधिक मात्रा में बढ़ाया जा रहा है जनता कों शुविधा के नाम पर कोई शुविधा नहीं है दलित मुस्लिम इलाको का बहुत बुरा हाल है।


**विकास कुमार शर्मा**

मैं वार्ड 47 महेंद्रा एनक्लेव शास्त्री नगर का निवासी हूं। हमारे वार्ड के पार्षद अमित त्यागी जी है। हमारे वार्ड की सबसे बड़ी समस्या जल भराव की थी जो जो हमारे भाई और पार्षद अमित त्यागी जी ने पार्षद बनते ही समस्या का समाधान कर दिया। पार्षद कोई भी हो या किसी वार्ड का हो किसी समस्या का हल तुरन्त नहीं निकलता। पार्षद के पास जादू की छड़ी नहीं है।


**मोहम्मद नियाज**

वार्ड 44 संजय कॉलोनी खराब सड़कें लोगों को आने जाने में परेशानी होती है बहुत ज्यादा कीचड़ और पानी भरा रहता है ये मुख्य मार्ग का हाल है वार्ड 44 संजय कॉलोनी के अब आते है वार्ड के अंदर की गली ओ मे काफी गलिओ का भी यही हाल है नाली के अंदर कचरा भरा रहता है कूड़े के ढेर लगे हुऐ है कोई सफाई कर्मी नहीं अता सफाई करने। ये हाल है हमारे वार्ड 44 का।


**ज्योति गुप्ता**

वार्ड 62 यहां पर सफाई नहीं होती है और सांप बिच्छू निकलते रहते हैं ग्रीन बेल्ट बहुत गंदी है उद्यान विभाग बिल्कुल भी ध्यान नहीं देता है।


**पंडित जितेंद्र भारद्वाज**

वार्ड 58 में शिवपुरी में एक तो हाइवे से लगा हुआ नाला है उस पर काम चला तो रहा है पर बहुत धीरे हो रहा है और इसके बगल से सर्विस लेना भी बननी चाहिए आने जाने वाले को बरसात मै बहुत दिक्कत होती है और वार्ड 58 में कुछ गली छोटी छोटी है जहां पर कूड़े की डोर टू डोर वाली गाड़ी नहीं जा पाती है वहां पर निगम को रिक्शा का इंतजाम करना चाहिए कम से कम कर चार रिक्शे जरूरी है हमारे वार्ड 58 के लिए।। जब गाड़ी गली में नहीं जा पाती तो वह लोग गली के बाहरी कूड़े के ढेर बना देते हैं इससे बीमारी फैलने का संक्रमण फैलने का डर रहता है और हमारे पार्षद पंडित देवनारायण शर्मा जी ने पिछले 10 साल से जो कार्य नहीं हुए थे वह वार्ड में कराए हैं और आगे भी निरंतर अच्छा काम कर रहे हैं यही दो-तीन समस्याएं हैं जो उम्मीद करता हूं जल्दी खत्म भी हो जाएगी।


**मुकेश राघव**

बड़े भाई दीपक भाटी जी वार्ड नंबर 27 शांति नगर और सेन विहार में पानी की में निकासी के लिए नाला अभी तक नहीं बना है। पानी की समस्या क्षेत्र की जनता को समय पर पानी प्राप्त नहीं हो रहा 10 या 12 मिनट पानी आता है। अभी तक सीवर लाइन नहीं पडी, अभी तक कोई बारात घर और पार्क नहीं बना, वार्ड नंबर 27 में समस्या बहुत ज्यादा है। शांति नगर प्लाट रोड से लेकर ढुडाहेडा तक सर्विस रोड और नाला की बहुत ज्यादा समस्या है पानी नहीं निकलता है लोगों के घरों में पानी भर जाता है। वार्ड नंबर 27 की जनता ने कई बार मेयर सुनीता दयाल जी से भी संपर्क किया है और क्षेत्र की समस्या से भी अवगत कराया है लेकिन अभी तक कोई भी समस्या का हाल नहीं हुआ।


**एडवोकेट जगमोहन शर्मा**

राजनगर एक्सटेंशन से राधा गोविंद चौक से पांच नम्बर भट्टा रोड को जोड़ने वाली सडक शर्मा चौक तक पूरी तरह टूटी हुई है जिसमें पैदल निकलना भी दूर्भर है।


**हरीश कुमार गौड़**


वार्ड 73 में एक छोटा नाला बी 182 से लेकर बुध बाजार रोड वी 34 तक यह नाला बुध बाजार रोड पर जाकर कनेक्ट हो रहा है जो कॉलोनी के इस नाले से ऊंचा है जब भी बारिश होती है तभी तीन चार वार्ड का पानी केवल एक बी ब्लॉक वार्ड 73 की कॉलोनी में आ जाता है और बी ब्लॉक पूरी तरह से जलमग्न हो जाता है घरों मार्केट बेसमेंट में पानी भर जाता है और हर बारिश में कई लाख का निर्दोष लोगों का नुकसान हो जाता है।


**विकास कुमार शर्मा**

वार्ड 47 महेंद्रा एनक्लेव शास्त्री नगर। कांटे चौक पर अतिक्रमण बहुत है। यहां फल वाले इतने हो गए हैं कि पूछो मत इनके वजह से जाम ओर गन्दगी होती है। इस वार्ड की सबसे महत्वपूर्ण समस्या है।


**मयंक शर्मा**

वार्ड 62 गोविंदपुरम डी ब्लॉक में जरा सी बारिश में जलभराव हो जाता है और सीवर ओवर फ्लो होने से बदबू आने लगती है


**सुशील सक्सेना**

3-वीलर वालों ने अपना रूट बदल दिया है पहले वह जी ब्लॉक मन्दिर से स्प्रिंग डेल्स वाली रोड पर मुड़ते थे किन्तु अब सीधे प्रीतम फार्म की तरफ जाते हैं जिससे जिसमे एच ब्लॉक वासियों को अधिक पैदल चलना पड़ता है। कृप्या समस्या को उजागर करें।


**एहसान अली**

वार्ड नंबर 28 नीलमणि कॉलोनी हाउस कॉलोनी मोहन नगर गाजियाबाद। वार्ड 28 राजीव कॉलोनी मोहन नगर गाजियाबाद।


**मुकेश राघव**

वार्ड नंबर 27 शांति नगर में पानी की में निकासी के लिए नाला अभी तक नहीं बना है। पानी की समस्या, अभी तक सीवर लाइन नहीं पडी। अभी तक कोई बारात घर और पार्क नहीं बना। वार्ड नंबर 27 में समस्या बहुत ज्यादा है।


**पंडित मोहित मुद्गल**

वार्ड 27 ग्राम डूंडाहेड़ा चारों तरफ समस्याएं ही समस्या है ना तो डुंडाहेडा के लिए श्मशान घाट है और ना ही तालाब सौंदर्य कारण है डुंडाहेडा गांव के मुख्य मार्ग पर जल भराव है पैदल तो दूर लोग वाहनों से भी निकल नहीं सकते ना खंबे पर लाइट है सुबह 5 :00 बजे उठकर मंदिर भी नहीं जा सकते पानी की टंकी ने गांव में का सत्यानाश कर रखा है जगह-जगह टंकी के पाइप लीकेज है जिस समय पानी चलता है सरकारी मोटर के द्वारा चारों तरफ जल भराव हो जाता है जिसकी लीकेज के बारे में कई बार बोला लेकिन कोई भी करने को तैयार नहीं यह सब समस्या हमारे वार्ड को पार्षद को कभी दिखती नहीं कभी भी पार्षद ने नाली की सफाई कराने की कोशिश भी नहीं की क्योंकि हमारे वार्ड का पार्षद भारतीय जनता पार्टी का पार्षद नहीं है हो सकता है यह सब काम इसीलिए नहीं हो पा रहे हैं! और जो हमारा मेन रास्ता है जो क्रोसिग रिपब्लिक में पर जा रहा है इसी बीच बिहारी मार्केट के थोड़ा आगे लोगों ने इतना कूड़ा डालते हैं दिन पर दिन जो उधर से पैदल निकलना भी भारी हो जाता है और उसी की वजह से बारिश में जब वह गिला हो जाता है तो वहां मच्छर होते हैं नई-नई बीमारियां पैदा होती है।


**अनिल तनवर**

वार्ड नंबर 06 के साई एनक्लेव में 2 फिट पानी भर जाता है बच्चों को स्कूल और बुजुर्गों का बाहर निकलने में बहुत परेशानी है मेन गेट से सुन्दर प्रधान और अंकित पुलिस वाले के यहां तक रस्ते की बुरी हालत है भईया कोई सुनने वाला नहीं है।


**सोनू खान**

वार्ड 27 में गांव के मैन रास्ते पर गंदगी से भरा तालाब है। जिसके सोंदर्यकर्ण की बात मंत्री विधायक रहते हुए और अब सांसद रहते हुए अतुल गर्ग जी कितनी बार कर चुके हैं। देश के रक्षा मंत्री जी के पुत्र नीरज सिंह जी की उपस्थिति में मोजूदा महानगर अध्यक्ष भी कर चुके हैं। पूर्व में महानगर अध्यक्ष व वर्तमान विधायक संजीव शर्मा भी प्रभारी मंत्री असीम अरुण की उपस्थिति में वादा कर चुके हैं। पूर्व महापौर आशा शर्मा से लेकर वर्तमान महापौर सुनीता दयाल जी को भी अवगत करा चुके हैं। लेकिन आज तक कुछ नहीं हुआ।




**क्यों कहा कहने वाले ने कि** भगवागढ़ के एक विधायक जबरदस्त तरीके से कर रहे हैं मंत्री बनने की तैयारी? सुना है उन्होंने इस मामले में बड़ा आशीर्वाद स्वामी गिरी जी के द्वारा करा लिया है जारी? हमें पता चला है गिरी जी के आशीर्वाद का असर अगर शाह जी से लेकर बाबाजी तक पहुंच गया है? तो फिर नहीं बचेगी कोई कसर? कहने वाले ने कहा फिलहाल अभी तो फाईल होल्ड पर है? मगर जब रफ्तार पकड़ेगी तब जरूर दिखेगा गिरी जी के आशीर्वाद का असर?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब सांसद जी को कराया किसी ने चोटी वाले भगवा त्यागी के पोलिटिक्ल जख्मी होने का एहसास? तब सांसद जी के यहां पर निकले कुछ और ही अल्फाज? उन्होंने भोले की तरह बता दिया चोटी वालों का किरदार? कहा ये पीड़ित नहीं बल्कि पीड़ा हरने वाले हैं? ये करते हैं खुशी से हर तरह के विष को स्वीकार? भले ही इस विष की वजह से नीला ना नजर आता हो इनका गला? मगर हमें पता है ये करते हैं हर किसी का भला?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** क्रान्तिकारी एरिया के मावी जी इस वक्त ले रहे हैं तमाम लोगों से जिला पंचायत लडूं या ना लडूं, इस बारे में राय? वो नहीं चाहते हैं कि किसी कमी की वजह से वो चुनाव हार जायें? इसलिए वो रोजाना कर रहे हैं लोगों से सम्पर्क? कहने वाले ने कहा ये मावी जी डाल सकते हैं दूसरे मावी जी के मामले में बड़ा वाला फर्क? वैसे भी पता चला है जिला पंचायत के बहाने ये तैयार कर रहे हैं विधानसभा का रास्ता? राजनीतिक रूप से मजबूत बताई जाती है भगवा मावी जी की दास्तां?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** कड़कड़ाते हुए एरिया के मैम्बर शिकायतों के हो चुके हैं बहुत ज्यादा अभ्यस्त? सुना है उनकी शिकायतों ने बिल्डरों को किया हुआ है बहुत ज्यादा त्रस्त? अब तक वो करा चुके हैं 88 शिकायतें दर्ज? ना जाने इतनी शिकायतों को करने के बाद वो क्या करना चाहते हैं अर्ज? कहने वाले ने कहा हर शिकायत के पीछे कुछ ना कुछ होती है वजह? जब पूरी होती है रजा तो फिर आ जाता है बाद में मजा?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व विधायक चौधरी साहब का रहता है हमेशा अलग रूप? कब छोड़ दें अपनी तरकश से अपना तीर? सुना है इस बात से डरते हैं बड़े-बड़े वीर? हाल ही में उन्होंनें मैम्बर उपाध्याय के कुर्ते के करारेपन पर कही है करारी बात? वो बोले थे तुम्हारी खड़ी चोंच के कुर्ते ने मजा खड़ा किया हुआ है बेहिसाब? गजब का है तुम्हारा कलफ? लगता है कुछ जल्दी छूना चाहते हो राजनीति का फलक? भले ही चौधरी साहब ने हल्के मूड में कही हो ये बात? मगर पता चला है लेने वाले मैम्बर इस बात को ले रहे हैं बिल्कुल अलग?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारे भगवा कमांडर करते हैं हर मंदिर में जाकर भगवान के दर्शन? मगर हमने देखा है कि उनके दर्शन किये बगैर नहीं चलता है पांच भगवा कमिश्नरों का काम? हमने देखा जब हो रहा था सांसद जी का बर्थडे सेलीब्रेट? तब ये पांचों भगवा कमिश्नर उनके साथ पहुंचे थे श्रीमान? कराया था इन सबने खुलकर सांसद जी को ये एहसास? विधानसभा की पिच पर हम हैं केवल भगवा कमांडर के साथ? सुना है किसी और ने भी डाला था साढ़े नौ बजे पहुंचने का संदेश? मगर इस चेहरे के साथ नहीं गया इनमें से कोई भी फेस?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें पता है सिंह साहब की भगवागढ़ में नहीं है बहुत ज्यादा पुरानी प्रीत? मगर हम सोच रहे थे अल्पसंख्यक वाले कार्यक्रम में सिहं साहब दिखायेंगे अपना बल? मगर जैसा हम सोच रहे थे वैसा नहीं निकला हमारी तमन्नाओं का हल? राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में केवल मोर्चे के 15 चेहरों की दिखी दखल? कहने वाले ने कहा आखिर क्यों नहीं कराया मौका मिलने पर उन्होंने अपनी ताकत का एहसास? एक खेमा अब ये चर्चा कर रहा है कि बल दिखाने के पीछे एक ये भी है वजह कि वो हैं भगवा कमांडर के खास?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें इतनी तो है जानकारी? बड़ा दिल रखकर मीडिया वाले भगवा चौधरी निभा रहे हैं अपनी जिम्मेदारी? मगर हम तो खड़ा करना चाहते हैं ये सवाल? जिनको भगवा कमांडर के टाईम पर सहप्रभारी वाला अपोईंटमेंट मिला था आखिर कहां गायब हो गये धीरज अग्रवाल, अमित भारद्वाज, जयकमल अग्रवाल, करन शर्मा और गौरव भारद्वाज जैसे किरदार? क्यों नहीं हो रहे हैं इन सब चेहरों के दीदार? कहीं पर चल रहा था इस बात पर विचार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** फिर सहमीडिया वाली बात पर छेड़ी किसी ने बात? कहा हमें इन सबकी दूरियों की वजह पता है साहब? कहने वालों ने कहा जब भी आती है सहमीडिया प्रभारी वाली बात? उस वक्त केवल कागजों में करन शर्मा का नाम ही दिखाई देता है? बाकी नाम हो जाते हैं एक झटके में साफ? कहने वाले ने कहा राजनीति में भी होता है हर किसी का अपना मयार? शायद उसी वजह से खमोश हो गये हों ये सभी किरदार?

**क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम देख रहे हैं पांच भगवा कमिश्नर कुछ ज्यादा ही आ गये हैं एक विधायक के नजदीक? ऐसा हमने सांसद जी के यहां तो देखा ही था फिर इन्द्रेश जी वाले कार्यक्रम में भी हुई इस बात की तस्दीक? हमने देखा जब विधायक जी ने ली कार्यक्रम में एन्ट्री? तब ये पांचों भगवा कमिश्नर दिखाई दे रहे थे उन्हीं के नजदीक? क्या संगठन वालों से दूरी बनाकर चलना है बात ठीक?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में शुरू हुआ चार दिवसीय गणपति लड्डू महोत्सव

## 1100 लड्डुओं का लगाया गया भोग, हजारों श्रद्धालु हुए भाव-विभोर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में बुधवार को विघ्नहर्ता गणपति बप्पा विराजमान हुए। मंदिर के पीठाधीश्वर, श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता व दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने अभिजीत मुहूर्त में विधि-विधानपूर्वक गणेश प्रतिमा की स्थापना कराई। इसी के साथ चार दिवसीय श्री दूधेश्वर गणपति लड्डू महोत्सव का शुभारंभ हो गया।

**पहले ही दिन दिखी भारी श्रद्धा :** महोत्सव के पहले दिन ही गाजियाबाद समेत कई शहरों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना कर महाराजश्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री गणेश को 1100 लड्डुओं का भोग अर्पित किया गया।

**विधि-विधान से हुई भव्य पूजा :** स्वस्तिवाचन, संकल्प पूर्वक गणेश-गौरी पूजन, षोडश मातृका पूजन, कलश पूजन, नवग्रह पूजन, श्री सर्वतोभद्र मंडल पूजन, दूर्वा पूजन, सहस्त्रार्चन और गणेश अथर्वशीर्ष के पाठ के साथ वातावरण पूरी तरह भक्ति रस में डूबा रहा।

**जनप्रतिनिधियों ने भी की पूजा :** शहर विधायक संजीव शर्मा और श्री दूधेश्वर मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष धर्मपाल गर्ग ने भी भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की। विधायक ने कहा कि गणपति बप्पा शुभता और सफलता के प्रतीक हैं, उनकी कृपा से जीवन में सभी विघ्न दूर होते हैं।

**शृंगार और भक्ति संगीत बना आकर्षण :** शृंगार सेवा समिति अध्यक्ष विजय मित्तल और उनकी टीम ने भगवान गणेश का भव्य शृंगार किया। मंदिर में भक्ति संगीत और स्तोत्र पाठ से भक्त भाव-विभोर हो उठे।

**समिति की सक्रिय भूमिका :** श्री दूधेश्वर मंदिर विकास समिति के उपाध्यक्ष अनुज धर्म गर्ग और पवन पुत्र चोपड़ा महोत्सव में विशेष योगदान दे रहे हैं। मंदिर के मीडिया प्रभारी एस आर सुथार ने बताया कि 29 अगस्त तक प्रतिदिन पंचोपचार पूजन, पंचामृत अभिषेक और सहस्त्रार्चन के साथ भगवान गणेश की भव्य आरती व लड्डुओं का भोग अर्पित किया जाएगा।

**महाराजश्री का संदेश :** श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि गणेश चतुर्थी आशा और समृद्धि का पर्व है, जो समाज में आपसी सद्भाव और एकता को बढ़ावा देता है।

### भव्य कार्यक्रमों की तैयारियां

- 28 अगस्त की रात को श्री राधा वल्लभ संकीर्तन मंडल द्वारा भजन संध्या होगी।
- 29 अगस्त को बंसल आर्ट ग्रुप मेरठ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगा।
- 30 अगस्त को भगवान गणपति की भव्य शोभा यात्रा मंदिर से निकलेगी, जो ढोल-ताशों, बैंड, डीजे और झांकियों के साथ शहर भ्रमण कर श्री दूधेश्वर घाट (छोटा हरिद्वार) मुरादनगर पहुंचेगी। वहां आरती के बाद गणपति बप्पा को विदाई दी जाएगी।

## जन्मदिन की बधाई





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। यूथ आईकॉन भाजपा नेता और युवा भाजपाइयों में नीरज भैया के नाम से सुप्रसिद्ध नीरज सिंह के जन्मदिन पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए बड़ी संख्या में गाजियाबाद से भी भाजपाई पहुंचे। दिल्ली में नीरज सिंह को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष सरदार सिंह भाटी, पार्षद कालीचरण पहलवान, रवि भाटी, दीपक ठाकुर और विवेक तोमर भी विशेष रूप से यहां पहुंचे। इन सभी ने यूथ आइकॉन नीरज सिंह को उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए उनकी लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

# पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से की मुलाकात



**नई दिल्ली (करंट क्राइम)।** पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रशांत चौधरी ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर वुड हिल ग्रुप के एमडी विवेक भाटी, सिद्धार्थ चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

मुलाकात के दौरान प्रशांत चौधरी ने नितिन गडकरी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया और उनके कुशल नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के विकास में नितिन गडकरी का योगदान अभूतपूर्व है और उनकी कार्यशैली हर जनप्रतिनिधि के लिए प्रेरणादायी है। प्रशांत चौधरी ने गडकरी के सड़क, परिवहन और आधारभूत संरचना विकास में किए गए कार्यों की विशेष प्रशंसा करते हुए कहा कि गडकरी जैसे कर्मठ और दूरदर्शी नेता से ही भारत के गांव, कस्बे और शहरों को नई पहचान मिल रही है। इस दौरान विवेक भाटी ने भी मंत्रीजी के विजन की तारीफ करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर है। इस मुलाकात ने क्षेत्रीय राजनीति में भी सकारात्मक संदेश दिया है, जिसमें प्रशांत चौधरी के नेतृत्व और सक्रिय भूमिका को विशेष रूप से सराहा जा रहा है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।